26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 14 जुलाई , 2026

अंक- 260 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ईरान युद्ध के पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैलने की आशंका


नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। पश्चिम एशिया में जारी तनाव लगातार बढ़ रहा है और अब हालात उस तरफ जा रहे हैं, जहां पूरे खाड़ी क्षेत्र में युद्ध बड़े पैमाने पर फैल सकता है। दरअसल ईरान ने ताजा हमले में होर्मुज में संयुक्त अरब अमीरात के टैंकरों को निशाना बनाया है। जिसमें एक भारतीय की मौत हुई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। ईरान ने हमले की बात स्वीकार कर ली है। इसके बाद यूएई ने तल्ख तेवरों में ईरान को चेतावनी दे डाली है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने आज तड़के कहा कि ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य में दो टैंकरों पर हमला किया, जिसमें एक नाविक की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। ईरान ने 'मोम्बासा' और 'अल बहियाह' नामक टैंकरों पर दो क्रूज मिसाइलें दागीं। हमले के बाद दोनों टैंकरों में आग लग गई, हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया।

## भारत-नेपाल बॉर्डर से पकड़ा गया अमेरिकी स्पेशल सर्विस का कमांडो?

उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में भारत-नेपाल बॉर्डर के पास एक अमेरिकी नागरिक को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया व्यक्ति खुद को अमेरिकी नौसेना और स्पेशल फोर्सेज का पूर्व सैनिक बता रहा है। वो बिना किसी पासपोर्ट और वीजा के अवैध रूप से नेपाल में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब उसकी असली पहचान और भारत में प्रवेश के दावों की जांच कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने सोनौली थाना क्षेत्र के मैनहवा इलाके में गश्त के दौरान इस व्यक्ति को पकड़ा था।

## एक लाख का इनामी बदमाश बाबू एनकाउंटर में ढेर

उत्तर प्रदेश एसटीएफ की लखनऊ और गोरखपुर यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गोरखपुर में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश मुस्तफिजुल रहमान उर्फ बाबू को मुठभेड़ में मार गिराया। इस दौरान हुई गोलीबारी में एसटीएफ का एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया। घायल जवान का इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, यह मुठभेड़ गोरखपुर में रामनगर करजहा से कुशीनगर लेन के पास हुई। एसटीएफ को मुस्तफिजुल रहमान की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने घेराबंदी की। बताया गया कि खुद को घिरा देख बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


किराए हेतु

डबल स्टोरी दुकान प्राइम लोकेशन, ऑन रोड निकट नुमाइश ग्राउंड बिजनौर

संपर्क करें- मो. 7017009216









# सपा के बिजनौर प्रदर्शन में नजीबाबाद के नेताओं में दिखा जोश और खरोश

## सफदर आमिर ने की नारेबाजी, फुरकान खां ने बेरिकेडिंग हटाई,

## गर्मी में सपा नेत्री आयशा सिद्दीकी की हालत बिगड़ी

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के कल बिजनौर में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, पेपर लीक आदि समस्यायों को लेकर आयोजित प्रदर्शन में नजीबाबाद के वरिष्ठ नेताओं में काफी जोश नजर आया। प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता सफदर आमिर, तसनीम सिद्दीकी, आयशा सिद्दीकी ने जमकर नारेबाजी की तथा ज्ञापन देने में साथ रहे। सपा नेता फुरकान खां अपने समर्थकों के साथ बेरिकेडिंग हटाकर कलेक्ट्रेट में आगे बढ़ गये। सपा नेता महमूद भोलू ने भी काफी समर्थकों के साथ



उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी नेता भीषण गर्मी की परवाह न करते हुए अपने काफी समर्थकों के साथ बिजनौर पहुंचे। प्रदर्शन में शामिल सपा नेत्री आयशा सिद्दीकी की भीषण गर्मी में चक्कर आने से हालत बिगड़ गई। मगर इसके बावजूद हर आंदोलन में भाग लेने वाली आयशा सिद्दीकी कार्यक्रम में शामिल रही। सपा के इस प्रदर्शन से पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार हुआ।

# विधायक तसलीम अहमद ने बिजनौर प्रदर्शन में टीम के साथ लिया भाग

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी द्वारा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, पेपर लीक आदि समस्यायों को लेकर बिजनौर में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद सपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जिला मुख्यालय बिजनौर पहुँचे। सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ़ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। विधायक हाजी तसलीम अहमद के साथ, अनवर



खां मंसूब, जिला उपाध्यक्ष ज़ाहिद अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष नईम मकरानी, इंजी शादाब हैदर, नगर अध्यक्ष फरहान ख़ान, साकिब शेख, शाहनवाज ख़ान, ब्लॉक अध्यक्ष मरग़ूब अहमद, रईस अहमद, अय्यूब प्रधान, शाहबुद्दीन प्रधान, रईस अंसारी प्रधान, अरमान सैफ़ी, सूफ़ियान सैफ़ी आदि उपस्थित रहे।

# गर्मी का फिर बढ़ने लगा ग्राफ, बिजली भी फिर दिखाने लगी आंख

नजीबाबाद (चिंगारी)। जुलाई माह में दो-तीन दिन की बारिश के बाद लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली थी। मगर इसके बाद एक बार फिर कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ने से लोग गर्मी में झुलस रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मरों पर बढ़ते लोड व ट्रिपिंग के कारण बिजली की आंख मिचौनी से लोग काफी परेशान है। नजीबाबाद में गर्मी में बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से फेल नजर आ रही है। गर्मी बढ़ते ही टाउन फीडर हो या साहनपुर फीडर दोनों क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई में ओवरलोड व फाल्ट की समस्या बढ़ने से दिक्कत शुरू हो जाती है। जिससे लोगों को बिजली आपूर्ति सही ढंग से नहीं मिल पाती है। नगर की बिजली व्यवस्था में सुधार न होने पर लोगों ने रोष जताया है। लोगों का कहना है कि इस साल जिस तरह से गर्मी पड़ रही है अगर नगर में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे तो गर्मी से लोगों को काफी हद तक निजात मिल सकता है।

# अब्दुल्ला गुलजार एआईएमआईएम छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब पार्टी के प्रदेश महासचिव, नजीबाबाद चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी एवं दुआ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल्ला गुलजार ने एआईएमआईएम छोड़कर आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। नई दिल्ली स्थित नॉर्थ एवेन्यू आवास पर आयोजित कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस कार्य में मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष खुर्शीद मंसूरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि हाल ही में नजीबाबाद में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने पार्टी को मजबूत करने के प्रयास किया था। ऐसे में प्रदेश महासचिव स्तर के नेता का पार्टी छोड़ना स्थानीय राजनीति में एक बड़े घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी का लगातार जनाधार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में मुस्लिम नेताओं के पार्टी से जुड़ने से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। इससे नजीबाबाद में एआईएमआईएम को तेज झटका लगा है।

# वाहन जियो टैगिंग के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

नजीबाबाद (चिंगारी)। कृषि उत्पादन मंडी समिति नजीबाबाद में वाहन जियो टैगिंग व्यवस्था को लेकर व्यापारियों का विरोध तेज हो गया। मंडी व्यापार कमेटी के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर पुरानी व्यवस्था को बहाल किए जाने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान जियो टैगिंग व्यवस्था से स्थानीय ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों से आने वाले व्यापारियों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि उत्तर प्रदेश की यह व्यवस्था अन्य प्रदेशों के व्यापारियों पर भी लागू होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा मंडी में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। व्यापारियों ने निदेशक, कृषि विपणन को संबोधित ज्ञापन मंडी सचिव के माध्यम से भेजते हुए मांग की कि व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए पूर्व की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मंडी सचिव ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनका ज्ञापन शासन स्तर पर विचार के लिए तत्काल लखनऊ भेज दिया जाएगा, ताकि इस संबंध में उचित निर्णय लिया जा सके। मंडी व्यापार कमेटी के अध्यक्ष हाशिम अहमद ने कहा कि यदि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

नगरपालिका को मुंह चिढ़ा रहा गड्ढा (पेज 5)

# लखनऊ में नया विधानभवन बनाने की तैयारियां शुरू

## सहारा शहर की 245 एकड़ की जमीन पर बनेगा नया भवन

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** गोमतीनगर स्थित सहारा शहर की 245 एकड़ जमीन पर बनने वाले नये विधानभवन के निर्माण के लिए कुछ और कंपनियां आगे आई हैं। उनकी ओर से सोमवार को एलडीए में प्रेजेंटेशन किया गया। इससे पहले कुछ कंपनियां अपना प्रेजेंटेशन कर चुकी ही हैं। सभी एजेंसियों ने नए विधानभवन, अत्याधुनिक सचिवालय, मुख्यमंत्री आवास, विधायक हॉस्टल और वीवीआईपी प्रशासनिक ब्लॉक की रूपरेखा पेश की है। कौन सी कंपनी काम करेगी यह शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय समिति करेगी। ऐसे में जिन करीब दर्जन भर कंपनियों ने प्रेजेंटेशन किया उनकी रिपोर्ट एलडीए की



ओर से शासन को भेजी जाएगी, जो योजना है उसमें नया विधानभवन पूरी तरह पेपरलेस और डिजिटल होगा। इसे भविष्य की 100 साल की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। योजना में यातायात और सुरक्षा के साथ वीवीआईपी आवाजाही के दौरान गोमतीनगर में जाम से बचने के लिए अंडरग्राउंड टनल और विशेष प्रवेश-निकास द्वार शामिल हैं। अत्याधुनिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का भी खाका खींचा गया है। डिजाइन में आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि कंपनी का चयन शासन करेगा। उसको रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

# युवती की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर थाने पर धरना दिया



**किरतपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर प्रताप उर्फ ताहरपुर की एक युवती 8 तारीख की रात से लापता है। घटना की सूचना उसी दिन पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पुलिस के रवैये से नाराज किसान मजदूर संगठन ने कल किरतपुर थाने पर धरना दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक युवती को सकुशल बरामद नहीं किया जायेगा, तब तक धरना जारी रहेगा। बाद में थाना प्रभारी द्वारा जल्द ही युवती को बरामद करने का आश्वासन देने पर धरना समाप्त किया गया। धरने में जिलाध्यक्ष नौबहार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला सचिव हेमंत कुमार के अलावा अश्विनी कुमार, मंगतराम, विक्रांत कुमार, संदीप कुमार आदि शामिल रहे।

# सामाजिक समीकरणों को साधने की है तैयारी में भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने प्रदेश संगठन में फेरबदल और राज्य मंत्रिपरिषद में विस्तार की कवायद के बाद अब ऐसे कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को नयी जिम्मेदारियां देने की तैयारी में है, जिन्हें



हालिया फेरबदल में स्थान नहीं मिल सका है। भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, इस कवायद की शुरुआत भाजपा के केंद्रीय संगठन में प्रस्तावित बदलावों से हो सकती है। नये राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में बनने वाली नयी राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश से कुछ नेताओं को जिम्मेदारी मिलने की संभावना जतायी जा रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक और राजनीतिक नियुक्तियों के कई चरणों के माध्यम से सामाजिक, क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नवंबर 2026 में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की लगभग 10 सीटें रिक्त होंगी, जबकि जनवरी 2027 में विधान परिषद की भी करीब इतनी ही सीटों पर चुनाव होना है। पार्टी इन अवसरों का उपयोग संगठनात्मक और राजनीतिक संतुलन बनाने के लिए कर सकती है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीय संगठन में संभावित बदलाव के बाद या उसके साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी फेरबदल की संभावना है। इसमें उत्तर प्रदेश के कुछ सांसदों को शामिल किये जाने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार विभिन्न आयोगों, निगमों और बोर्डों में लंबे समय से लंबित नियुक्तियां भी विधानसभा चुनाव से पहले भरने की तैयारी में है। उनके अनुसार प्रदेश में आयोगों, निगमों और बोर्डों की कुल मिलाकर करीब 35 सीटें खाली हैं, जहां पुराने एवं प्रभावशाली कार्यकर्ताओं का समायोजन हो सकता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पार्टी लंबे समय से समायोजन की रणनीति पर विचार कर रही है।

# मालन में डूबा अलीम अभी तक नहीं मिला

किरतपुर (चिंगारी)। मालन नदी में डूबे अलीम का अभी तक पता नहीं चला है। पांच दिन पहले अलीम दो अन्य लड़कों के साथ मालन नदी में नहाने के लिये गया था। तीनों एक साथ पुल से नदी में कूदे थे। एक लड़का तो किसी तरह बच गया, लेकिन शाबान और अलीम नदी की तेज धार में बह गये। शाबान का शव तीसरे दिन मिला था। लेकिन अलीम का अभी तक पता नहीं चला। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने बताया कि सर्च अभियान का आज पांचवां दिन है। समाचार दिये जाने तक अलीम का पता नहीं चला। गोताखोरों के साथ-साथ जेसीबी भी लगाई गयी है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना से किरतपुर शोक में डूबा हुआ है।




# पेटेंट बदल देगा ऊंटों की सूरत-सीरत

-प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डॉ. मुकुल सैन प्रतिभा के धनी, नवाचार के प्रति उनका नज़रिया बेमिसाल है, 2024 से लेकर 2026 तक 12 आईपीआर ग्रांटेड, इनमें से 10 आईपीआर भारतीय हैं, कनाडा से 01 कॉपीराइट भी उनकी उपलब्धियों में शुमार, डॉ. सैन की झोली में आधा दर्जन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस है, देश-विदेश में 28 शोध पत्रों के संग-संग अब तक दो किताबें भी हो चुकी हैं प्रकाशित ।**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डॉ. मुकुल सैन ने नवाचार में ऊंची छलांग लगाई है। डॉ. सैन ने घुमन्तू ऊंट पालकों के लिए जीवनदायिनी सरीखा डिजाइन पेटेंट यूके से प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है, इन दिनों राजस्थान में न केवल ऊंटों का जीवन संकट में है, बल्कि घुमन्तू पालकों की रोजी-रोटी पर भी दांव लगा है। यूं तो ऊंटों की संख्या राजस्थान में सर्वाधिक है। एक आंकड़े के मुताबिक हिन्दुस्तान में कुल ऊंटों का 85 प्रतिशत ऊंट केवल राजस्थान में पाए जाते हैं। यह बात दीगर है, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, यूपी आदि में भी ऊंटों का पालन किया जाता है। एक दर्जन पेटेंट अपनी झोली में रखने वाले डॉ. सैन ने इनके दर्द को संजीदगी से समझा है। इस पेटेंट से उन्होंने रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंटों और उनके कारोबारियों के लिए आशा की किरण जगा दी है। डॉ. सैन को सोलर असिसटेड मोबाइल कैमल डेयरी मिल्किंग मशीन का यूके के इंटेलेक्चुअल प्रोप्र्टी राइट्स ऑफिस से डिजाइन पेटेंट मिला है। यदि यह जमीनी हकीकत में बदलता है तो डिजाइन की गई इस मशीन में रेगिस्तान में भी 04 डिग्री तापमान तक घुमन्तू ऊंटों का दूध स्टोर किया जा सकता है। 20 लीटर क्षमता के डिजाइन की लागत करीब 1 से 1.5 लाख तक रहेगी। इस मशीन में चराई के दौरान मिल्किंग के बाद दूध ऑटोमेटिक ही ठंडा और स्टोर हो जाएगा। यह सौर ऊर्जा पर आधारित है, जो कि रेगिस्तान में भरपूर मात्रा में मिलती है। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन इस एक्सक्लूसिव पेटेंट डिजाइन पर डॉ. मुकुल सैन को बधाई देते हुए कहते हैं, यह पेटेंट ऊंटों और ऊंट पालकों के लिए बेशकीमती सौगात है। उन्होंने उम्मीद जताई, इस नवाचार से ऊंट के दूध का गुणवत्तापूर्ण संरक्षण के संग-संग बाजार का भी विस्तार होगा। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन कहते हैं, कॉलेज के लिए यह गौरव का विषय है। ऐसे प्रसंस्करण भविष्य में दूध के क्षेत्र में नई संभावनाएं और नवाचार के द्वार खोलेंगे।




पंजाब के अबोहर में जन्मे डॉ. सैन ने ऊंटों और ऊंट पालकों के दर्द को करीब से देखा है। छोटूपन में यह दंश तो वह नहीं समझ पाए, लेकिन एग्रीकल्चर और डेयरी में उच्च शिक्षा-दीक्षा के दौरान उन्होंने ऊंटों के जीवन कल्याण की ठानी। सोचा एक ऐसा डिजाइन ईजाद किया जाए, जिससे इनके दिन बहुर जाएं। डॉ. सैन नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टिट्यूट-एनडीआरआई, करनाल से डेयरी इंजीनियरिंग में पीएचडी हैं। राजस्थान के बीकानेर में प्रवास के दौरान उन्होंने ऊंट के दूध की गुणवत्ता के संरक्षण की ठानी, क्योंकि इसमें औषधीय गुण हैं। जैसे ऊंट का दूध बेनिफिसियल एक्टिव प्रोटीन से भरपूर है। डायबिटीज और पेट के रोगों में वरदान है। इसका प्रयोग ऑटिज़्म रोगियों के लिए भी किया जाता है। अब तक इसका सर्वाधिक बाजार मिल्क पाउडर के रूप में है। अब उम्मीद की जाती है, यह लिक्विड रूप में भी मिल जाएगा। डॉ. सैन प्रतिभा के धनी हैं। नवाचार के प्रति उनका नज़रिया बेमिसाल है। 2024 से लेकर 2026 तक 12 आईपीआर ग्रांटेड हैं। इनमें से 10 आईपीआर भारतीय हैं, कनाडा से 01 कॉपीराइट भी उनकी उपलब्धियों में शुमार हैं। डॉ. सैन की झोली में आधा दर्जन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हैं। 28 शोध पत्र देश-विदेश में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. सैन की 2020 में नेचुरल फाइबर कंपोजिस्ट्स, 2023 में फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स इन एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड फूड साइंसेज़ पब्लिश हो चुकी हैं। इसके अलावा वेलेराइजेशन ऑफ वेस्ट राइस स्ट्रा और एडवांसेज़ इन इंडीजीनियस डेयरी प्रोडक्ट्स की पांडुलिपियां प्रकाशकों के पास हैं। इन पुस्तकों को स्प्रिंजर सरीखे इंटरनेशनल पब्लिशर्स प्रकाशित करेंगे। इसके अलावा आठ इंटरनेशनल बुक चैप्टर समेत एक लैब मैन्युअल भी उनकी झोली में है। डॉ. सैन भविष्य की प्लानिंग बताते हुए कहते हैं, दूध हमेशा से उनके चिंतन और मनन का विषय है। वह अब दूध के उत्पादों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की तकनीकों पर भी रिसर्च करेंगे।

हकीकत यह है, ऊंटों और पालकों की दुश्वारियां जग जाहिर हैं। देश में सर्वाधिक ऊंटों की संख्या राजस्थान में है। राजस्थान के खासकर बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर सरीखे जिलों में पुरसा हाल नहीं है। कड़वी सच्चाई यह है, राजस्थान सरकार की आंख मूंदु नीति के चलते ऊंट पालन कारोबार मुनाफे का सौदा कभी नहीं रहा है। इस पेटेंट के बाद न केवल ऊंट पालक अपना दूध बेच सकेंगे, बल्कि इनके प्रति मुहब्बत में भी इजाफा होगा, क्योंकि सरकार की मौजूदा नीति के मुताबिक ऊंट को न तो वध के लिए नहीं बेचा जा सकता है और न ही अवैध ट्रैफिकिंग की जा सकती है। राजस्थान की रीढ़ की हड्डी समझे जाने वाले ऊंट मशीनीकरण और परिवहन के आधुनिक साधनों के चलते ऊंटों की उपयोगिता में भारी गिरावट आई है। शोध रिपोर्ट्स के मुताबिक साढ़े चार दशक में राजस्थान में ऊंटों की संख्या 15 लाख से घटकर केवल एक लाख ही रह गई है। अंदेशा है, डायनासोर की मानिंद एक दिन ऊंट भी कागजों तक सिमट कर रह जाएंगे। ऐसे में डॉ. मुकुल सैन का पेटेंट ऊंटों और उनके पालकों के लिए भगवान सरीखा है। इस पेटेंट के बाद ऊंट से लेकर घुमन्तू पालकों तक की सूरत-सीरत बदल जाएगी। ऑटोमिल्किंग के संग-संग इमिडेट कूलिंग मिलेगी। ह्यूमन टच एक्सक्लूड हो जाएगा और दूध हाइजीन रहेगा। कोल्ड चेन मैनेजमेंट के कारण दूध की गुणवत्ता भी बरकरार रहेगी। दूध उपलब्धता में बेहतर वृद्धि हो जाएगी। ऊंट के दूध में थैरेप्यूटिक गुण होने के कारण एक्सपोर्ट के वैश्विक द्वार खुल जाएंगे। अंततः ऊंटों की तेजी से गिरती संख्या का ग्राफ भी रूक जाएगा।

**( लेखक प्रो. श्याम सुंदर भाटिया सीनियर जर्नलिस्ट हैं। प्रिंट मीडिया में चार दशक का प्रचुर अनुभव है। )**

## भली लगे या बुरी ...

## हथियार निर्यात में आगे बढ़ता भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की विदेश यात्रा हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता तथा भारत समेत अनेक पड़ोसी देशों की जमीनी व समुद्री सीमाओं पर उसके कब्जे के प्रयास को देखते हुए महत्वपूर्ण है। इंडोनेशिया के पहले हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिति फिलीपीन्स ने ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदी हैं जिसके अनेक टापुओं पर चीन अपना दावा करता है तथा चीनी नौसेना वहां जबरन कचरा फेंक जाती है तथा फिलीपीनी मछली पकड़ने वाली नौकाओं के मार्ग में बाधा डालती है। हालांकि, कई अन्य देश भी भारतीय आयुधों व आयुध प्रणालियों की खरीद में दिलचस्पी दिखा रहे हैं, पर इंडोनेशिया को ब्रह्मोस और अस्त्र की बिक्री से भारत का विश्व हथियार व्यापार में स्थान और मजबूत होगा। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत ने विदेशों से अपने हथियार आयात को कम करने और उसमें विविधीकरण लाने के साथ 'स्वदेशी हथियारों' के विकास और उनके निर्यात पर जोर दिया है। हालांकि, भारत अब भी दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक देशों में शामिल है, पर वह तेजी से हथियारों के निर्यात की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। भारत ने पिछले 12 साल में डीआरडीओ व एचएएल जैसी सार्वजनिक कंपनियों के साथ ही रक्षा उत्पादन व शोध में निजी कंपनियों को आगे बढ़ने का उल्लेखनीय कदम उठाया है जिसके परिणामस्वरूप आज भारत में अमेरिका की तरह 'सैनिक औद्योगिक गठजोड़' विकसित हो रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन अमेरिका के उलट भारत दुनिया में कहीं भी युद्धों को प्रोत्साहित करने के बजाय हमेशा शांति-समझौते और समझदारी पर जोर देता है। यही कारण है कि आज दुनिया में अनेक युद्धरत देशों के साथ भारत के राजनयिक संबंध बने हुए हैं। इनमें अमेरिका, इस्राइल, ईरान, रूस, यूक्रेन, फिलिस्तीन, आदि शामिल हैं। मोदी ने इंडोनेशियाई संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विस्तारवाद के बजाय विकास का रास्ता अपनाता है। उनका संकेत सीधे चीन की ओर है जिसने अपनी विस्तारवादी तथा कर्ज के जाल में फंसाने वाली नीतियों के चलते अनेक देशों को लगभग अपना बंधक बना लिया है।

# सब रिश्तों में श्रेष्ठ है माता-पिता का रिश्ता

इस दुनिया में जब भी कोई बच्चा जन्म लेता है तभी से उसके भाई, बहन, चाचा, चाची, मामा-मामी आदि अनेक रिश्तेदार पैदा हो जाते हैं, लेकिन इन रिश्तों में यदि कोई सच्चा, शुद्ध, निस्वार्थ रिश्ता होता है तो वह माता-पिता का होता है। यदि यह कहा जाये कि दुनिया में भगवान के बाद माता-पिता ही सबसे आदरणीय होते हैं, तो कोई गलत नहीं होगा। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम कभी सपने में भी अपने माता-पिता को दुःख न दें। माता-पिता का जो आशीर्वाद हमें मिलता है, वह ईश्वर के आशीर्वाद की कुंजी है। भगवान भी उन व्यक्तियों को प्यार करते हैं और अपना आशीर्वाद देते हैं जिन्हें उनके माता-पिता का आशीर्वाद मिलता है। माता-पिता का रिश्ता दुनिया के अन्दर सभी सांसारिक रिश्तों में सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए हमारा भी कर्तव्य होता है कि हम अपने माता-पिता की देखभाल करें, उनका सम्मान करें। उल्लेखनीय है कि माता-पिता को बदले में कुछ नहीं चाहिये। हमारे दुःख में सिर्फ माता-पिता ही सच्चे सहायक होते हैं। प्रत्येक के माता-पिता की यही कामना होती है कि उनके बच्चे सदैव सफलता प्राप्त करते रहें और हमारा नाम रोशन करें। बच्चों को उनके माता-पिता द्वारा दिया गया आशीर्वाद, बच्चों को उनके किसी भी दुःख अथवा मुसीबत से बचाने के लिए छतरी का काम करता है। इसलिए हमें चाहिए कि हम हमेशा अपने माता-पिता की देखभाल करें, क्योंकि माता-पिता के अतिरिक्त संसार में हमें किसी से भी सच्चा प्यार नहीं मिल सकता।



**सुरेन्द्र कुमार कपूर,** कपूर कोल डिपो, नई बस्ती, बिजनौर

# चलाकर अभियान, एक पेड़ लगाया मां के नाम



**हल्दौर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश शासन के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज, हल्दौर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल ने किया। कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत ने स्वयंसेवकों को पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प दिलाया तथा इस अवसर पर गोपाल रंजन, नीरज कुमार, नरदेव सिंह, परवेंद्र सिंह, अनिल कुमार पांडे, गौरीशंकर, कुलदीप राज, विकास कुमार, प्रवेश कुमार, ईश्वर शरण, जयपाल सिंह, दिनेश कुमार, पवित्र कुमार, अवनीश कुमार, गजेंद्र सिंह, शकील अहमद, नरेश कुमार, मनोज कुमार, रामवीर सिंह, रमन प्रताप, कामेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



**हल्दौर ( चिंगारी )**। प्रदेश सरकार के 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत प्रमेन्द्र रायसान के संयोजन एवं नेतृत्व में समग्र विद्यालय गडाना में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी देवमल प्रभात कुमार ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमेन्द्र रायसान ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम में एआरपी हल्दौर नितिन बालियान, नरेश कुमार, अरुण कुमार, कनिका गुप्ता, शिक्षक हरगोविन्द, अनुराग विशनोई, मौ. इरफान, रंजीत सिंह, सचिन राजपूत, मुहम्मद जावेद, तरुण गुप्ता, कंचन कुमार, संजीव कुमार, सुहेल अख्तर बेग, सुधीर शर्मा, भूपेंद्र सिंह,अमर सिंह, विष्णु कुमार,अल्फिया अफजाल, मोनिका अग्रवाल, असमा बेबी, दीशु सहित विकास खंड हल्दौर के अनेक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया।

**हल्दौर ( चिंगारी )**। प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर के परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए। वृक्षारोपण अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अरुण कुमार के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी उनके पति दीपक सैनी, फार्मासिस्ट राधा रमन शर्मा, कपिल शर्मा, यासमीन अख्तर, संदीप कुमार, डॉ. निशिका देशवाल, खिलेन्द्र कुमार, हर्षित कुमार, शमशाद अहमद, तेजपाल सिंह, अमित देवरा बिट्टन व मदन सिंह आदि ने फलदार व छायादार पौधे लगाए।



# नगर पालिका को मुंह चिढ़ा रहा गड्ढा

## यात्री स्टैंड भी क्षतिग्रस्त, यात्री भीषण गर्मी में त्रस्त

**नगीना ( चिंगारी )**। इसे नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही कहे या अपनी जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता की पिछले कई दिनों से नगर की सबसे पॉश कॉलोनी में शुमार वैष्णव विहार कॉलोनी के गेट पर हुआ गड्ढा सिस्टम को मुंह चिढ़ा रहा है। दूसरी तरफ रोडवेज बस स्टैंड के सामने पालिका प्रशासन द्वारा बनवाया गया यात्री स्टैंड भी काफी दिनों से क्षतिग्रस्त पड़ा है, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।





कहने को तो नगर पालिका प्रशासन पर जनता की मूलभूत समस्याओं के तुरंत समाधान किए जाने की अहम जिम्मेदारी है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े हुए है। नगर की मुख्य वैष्णव विहार कॉलोनी के मुख्य गेट पर एक गड्ढा पिछले काफी समय से हुआ पड़ा है। इस गड्ढे की वजह से तमाम लोग रात के अंधेरे में इसमें गिरकर चोटिल हो चुके हैं। पालिका के कर्मचारियों से कई बार इस गड्ढे की शिकायत कर दिए जाने के बावजूद उनके कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। लगता है जैसे पालिका के बड़े अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हों। दूसरी तरफ कई वर्ष पहले पालिका प्रशासन द्वारा रोडवेज बस स्टैंड के सामने बनाया गया यात्री स्टैंड भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा है। रोजाना हजारों की संख्या में दैनिक यात्री इस बस स्टैंड का लाभ उठाते हैं, लेकिन पिछले काफी समय से इसमें बैठने वाली एक सीट टूटी पड़ी है, जबकि छत की चादर भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते लोगों को भारी असुविधा हो रही है। पालिका प्रशासन से इस संबंध में भी लोगों द्वारा कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन वह इसको ठीक कराने के लिए तैयार नहीं है। इस संबंध में एसडीएम प्रिंस कुमार का कहना है कि जल्द समस्या के समाधान कराने के लिए अधिशासी अधिकारी को बोल दिया गया है।

# रामपाल सिंह महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण

**चंदक ( चिंगारी )। रामपाल सिंह महाविद्यालय में एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर बीरबल सिंह एवं महाविद्यालय सचिव श्री तपराज सिंह देशवाल ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद ने सभी विद्यार्थियों एवं प्रवक्ताओं को एक वृक्ष लगाकर उसे गोद लेने के लिए कहा, जिससे कि हम वृक्ष लगाकर भूल न जाएं तथा अपने आसपास भी हम वृक्षारोपण करें और उन वृक्षों की देखभाल करें, जिससे हमारी धरा हरी भरी रहे। उन्होंने वृक्षों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रीमती मीनाक्षी राजपूत, डॉक्टर शिवानी देशवाल, डॉक्टर रेनू राजपूत, डॉ. नीलम शर्मा, श्री दीपक कुमार, श्री गौरव राठी, श्री मनोज कुमार आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे ।**



M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses
D. Pharma
B.Sc. (Microbiology)
BCA
B.Com. (Computer)
BBA
B.A. LL.B.
LL.B.
Traditional Courses
B.A.
B.Sc. (ZBC)
B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272 9412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# सोने के नकली जेवर बेचने वाला हाथ आया पिटाई होने पर माफी मांग कर पीछा छुड़ाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार की दोपहर सर्राफा बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब सोने के नकली जेवर बेचने वाले एक ठग को सर्राफा कारोबारियों ने पकड़ कर उसकी जमकर धौल पूजा की। इस दौरान युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस विभाग हरकत में आया और शाम को पुलिस क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी ने थाने बुलाकर सर्राफा व्यापारियों से वार्ता की।



युवक को पीटते हुए सर्राफा व्यापारी

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर बिहार निवासी मुन्ना नमक एक व्यक्ति ने धनराज मराठा के यहां सोने के लगभग 2 लाख रुपए के जेवर सेल किये। इसके बाद वह पुरानी सब्जी मंडी बजरिया स्थित सर्राफा बाजार में जेवर बेचने के लिए आया। इसी दौरान धनराज मराठा ने जब जेवरों की जांच की तो वह नकली निकले। जिस पर उन्होंने मार्केट में पहुंचकर सर्राफा व्यापारियों को इसकी हकीकत बताई सर्राफा व्यापारियों ने उसे पकड़कर उसकी जमकर धौल पूजा की और सोना वापस करके उससे ली गई रकम भी व्यापारियों को वापस कराई और उसे माफी देकर छोड़ दिया।

इस दौरान इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर शाम को पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने सर्राफा व्यापारियों को कोतवाली बुलाया और उनसे घटना के बारे में जानकारी हासिल की। सर्राफा व्यापारी पंकज वर्मा, आशीष अग्रवाल, विनोद गायकवाड, संदीप गायकवाड, नीरज वर्मा ,नितिन सैनी आदि ने पुलिस को घटना से अवगत कराया जिस पर पुलिस ने कहा कि आगे से कोई भी इस प्रकार की घटना होती है तो आप पहले पुलिस को सूचित करेंगे।

# उप कोषागार के खाली भवन में हुआ आपूर्ति विभाग का कार्यालय शिफ्ट

**धामपुर ( चिंगारी )।** उप जिला अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित उपकोषागार भवन में चल रहा कार्य बिजनौर शिफ्ट हो जाने के बाद खाली पड़ी हुई बिल्डिंग में अब आपूर्ति विभाग का कार्यालय स्थानांतरित कर दिया गया है। पूर्व में स्थित आपूर्ति विभाग का भवन जर्जर हालत में पहुंच गया था। इसके अलावा यहां आने वाले लोगों और स्टाफ के लिए जगह भी पूरी नहीं पड़ रही थी। इस कारण अब आपूर्ति विभाग का कार्यालय उपकोषागार की बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अभियंत्रण सेवा बिजनौर द्वारा निर्मित उपकोषागार भवन धामपुर का उद्घाटन श्रीकांत सिन्हा निदेशक कोषागार (उ.प्र.) द्वारा 26-4-2002 को किया गया था। इस अवसर पर रामभरत तिवारी-उप कोषाधिकारी, राकेश कुमार त्रिपाठी वरिष्ठ कोषाधिकारी, मार्कण्डेय सिंह आई.ए.एस.जिलाधिकारी भी मौजूद रहे थे।



उपकोषागार भवन में लगा हुआ शिलापट।

# बड़ी मण्डी में बाइकों से करता था थैले पार आखिर पकड़ा ही गया लोकेश कुमार

**धामपुर( चिंगारी )।** नगर की बड़ी मंडी में थैला उठाने की घटनाओं को अंजाम देने के बाद चौकस व्यापारियों ने कल सीसीटीवी फुटेज में आए युवक की पहचान करके उस युवक को चप्पल और मोबाइल फोन से पहचान लिया पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। बड़ी मंडी के व्यापारी विपुल जैन ने बताया कि उन्होंने मंडी से थैला उठाने की पांच बार की रिकॉर्डिंग को सीसीटीवी कैमरे में देखकर युवक की पहचान की। कल सोमवार को वह युवक फिर बड़ी मंडी में घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा और वहां घूमने लगा। इसी दौरान विपुल जैन ने युवक को पहचान लिया और व्यापारियों की मदद से उसे पड़ककर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम लोकेश कुमार निवासी ग्राम पुराना धामपुर बताया। युवक नशे का आदी है और वह नशा करने के लिए बड़ी मंडी में आने वाले लोगों की बाइक से थैला उतार कर उसमें रखे सामान को बेच देता था। पकड़े गए युवक ने बताया कि रविवार को उसने जो थैला उठाया था उसकी दवाई घर पर रखी हुई है पुलिस युवक को अपने साथ ले गई है।

# मुस्लिम युवकों ने राणा प्रियंकर को सम्मानित किया भाजपा को चुनाव लड़ाने का संकल्प लिया


राणा प्रियंकर सिंह का शाल ओढ़ाकर सम्मान करते हुए मुस्लिम समुदाय के युवक।

धामपुर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद के पूर्व भाजपा सभासद रिहान शेख के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के एक दर्जन से भी अधिक युवकों ने ग्राम ठाठ जट स्थित धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के कमल के फूल पर वोट देने और तन मन धन से चुनाव लड़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में ही मुस्लिम समाज का हित सुरक्षित है। इसलिए हम सभी चुनाव में भाजपा को ही वोट देंगे। स्वागत करने वालों में शादाब अहमद,सभासद मोहम्मद अकरम, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद तालिब, नौशाद अहमद, हकीम अरशद, शमशाद हुसैन, दानिश अहमद, खलील अहमद, मोहम्मद इरफान ,छोटा जलालुद्दीन आदि मौजूद रहे। इस दौरान राणा प्रियंकर सिंह ने सभी का आवास पर पहुंचने पर गले मिलकर स्वागत किया।

# श्री अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** विकासखंड अल्हैपुर धामपुर में सोमवार को उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) वर्ष 2026-27 के तहत विकासखंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी आयोजित की गई।

इसमें किसानों को श्री अन्न की वैज्ञानिक खेती, आधुनिक उत्पादन तकनीक, फसल प्रबंधन तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान और खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद ने संयुक्त रूप से किया। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) डॉ. विकास कुमार ने किसानों को बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा और कुटकी जैसी फसलों की उन्नत खेती के तरीके बताए।

उन्होंने कहा कि श्री अन्न पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ कम पानी में भी अच्छी पैदावार देता है। इसका उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी सहायक है। विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार ने भी किसानों को विभागीय योजनाओं और उपलब्ध अनुदान की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पात्र किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि लाभ वितरित किए गए। इसी क्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से नीम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।


बैठक में मौजूद ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ।

## किसानों को उन्नत खेती के तरीके बताये

# राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर चलवाया सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम लडावाला में चकरोड की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर (पीला पंजा) चलवाकर हटवा दिया । नायब तहसीलदार कपिल आजाद द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंचकर पहले पैमाइश कराई और इसके बाद कब्जाधारकों से चक रोड की जमीन को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान कानूनगो सुरेंद्र कुमार, लेखपाल संध्या मौजूद रही। नायब तहसीलदार कपिल आजाद ने बताया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलने पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। चकरोड से कब्जा हटने के बाद ग्रामीणों का आवागमन फिर से सुगम हो गया। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जैतरा पुलिस चौकी का स्टाफ मौजूद रहा।


चकरोड पर चला पीला पंजा।

# मेरठ लाठीचार्ज को लेकर कांग्रेस ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## कांग्रेस नेता पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की उठाई मांग



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

**बिजनौर (चिंगारी)।** मेरठ में बीए की छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज और मुकदमा दर्ज किये जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने घटना की निष्पक्ष जांच, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस नेता हेमंत प्रधान सहित अन्य लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हेन रीता राजीव सिंह एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान पीसीसी सदस्य एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी, चितवन शर्मा, मीनू गोयल, अब्दुल समद आजाद, मोहम्मद शरीक अली, जाफर हसनैन, काजी आतिफ अली, शूरवीर सिंह, मोहम्मद हनीफ, अनिल त्यागी, मोहम्मद रफत, यूसुफ अंसारी, समीर अहमद, कमरून्निसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया पौधारोपण



**बिजनौर (चिंगारी)।** मेडिकल कॉलेज सुआहेड़ी, बिजनौर में आयोजित समारोह में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार तथा जिलाधिकारी जसजीत कौर रहे। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक-प्रधानाचार्या डॉ. सीमा विश्वास ने कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# राजकीय आईटीआई धामपुर में प्रवेश शुरू

## 4 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), धामपुर में सितंबर-2026 प्रशिक्षण सत्र के लिए एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रमों की विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 4 अगस्त 2026 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी www.scvt.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण शुल्क 300 रुपये, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपये तथा सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्थान में कॉस्मेटोलॉजी, कोपा, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी, प्लंबर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, आईसीटीएसएम, ड्राफ्टसमैन (मैकेनिकल), मैकेनिक आरएसी, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन (3डी प्रिंटिंग), एडवांस्ड सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन तथा मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल सहित विभिन्न एनसीवीटी एवं एससीवीटी ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। साथ ही प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए निकटतम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अथवा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धामपुर से संपर्क करने का आग्रह किया है।

# सांप को रेस्क्यू किया



**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर में हल्दौर रोड स्थित बैल्डिंग की दुकान में दो सांप दिखाई देने से हड़कंप मच गया। मौहल्ला रंगरेजान निवासी शाहनवाज उर्फ मुन्ना की बैल्डिंग की शॉप में दो सांप दिखाई दिये थे। मौके पर पहुंचे सर्पमित्र एक सांप को रेस्क्यू कर लिया, वहीं दूसरा सर्प नहीं दिखाई दिया। रेस्क्यू किया गया सर्प इंडियन रैट स्नेक था, जिसे स्थानीय धामन या घोड़ा पछाड़ कहते हैं।


# धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए

विशेष लोन सुविधा

Salaried Loan

अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान


अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?

- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)

- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561

www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


# ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति का चुनाव सम्पन्न

## योगेन्द्रपाल शास्त्री अध्यक्ष, दीपक रस्तौगी महासचिव चुने गये



**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति, बिजनौर की वार्षिक गोष्ठी एवं द्विवार्षिक निर्वाचन का गरिमापूर्ण आयोजन यहां मेरठ रोड स्थित एक बैंकट हॉल में संपन्न हुआ। गोष्ठी में जिला बिजनौर से ही नहीं, वरन् दूसरे जिलों से सेवानिवृत्त कार्मिकों द्वारा भागीदारी की गई। निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा आगामी दो वर्षीय कार्यकाल हेतु निर्वाचित समिति/कार्यकारिणी का गठन कराया गया। संरक्षक शीलचंद सिंह व अजय कुमार जायसवाल, अध्यक्ष योगेन्द्रपाल सिंह शास्त्री, महासचिव दीपक रस्तोगी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, कार्यकारी महासचिव शिवकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह परमार, संगठन सचिव ऋषिराज सिंह, अंकेक्षक संजीव कुमार अग्रवाल चुने गए। इनके साथ ही ब्रजवीर सिंह, प्रदीप शर्मा, ब्रहमपाल सिंह व सुभाषचंद शर्मा उपाध्यक्ष, स्वतंत्र वीर सिंह, प्रताप सिंह, मौ. शाहिद मुल्तानी व देवराज सिंह सचिव चुने गये। कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक कुमार सांगुड़ी, आनंद कुमार वत्स, सुनील कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार शर्मा, कल्याण सिंह, सुनील कुमार राजपूत, वीरपाल सिंह, अकीलुरहमान शामिल रहे। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी जितेन्द्र जीतू को मिली। गोष्ठी में ए.के. तोमर केंद्रीय समिति), आनंद स्वरूप गुप्ता पदाधिकारी, केंद्रीय समिति, प्रेमराज सिंह मुरादाबाद, धनसिंह और शरतचंद्र (क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बिजनौर) ने भी अपने महत्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किये।

# नगर पालिका बिजनौर के नये ईओ रामपाल यादव ने संभाला कार्यभार

## बोले- शासन की मंशा के अनुरूप करेंगे निष्पक्ष कार्य, विस्तारित क्षेत्र के विकास को देंगे प्राथमिकता



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद बिजनौर को नये अधिशासी अधिकारी (ईओ) मिल गए हैं। मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आए रामपाल यादव ने सोमवार को नगर पालिका परिषद बिजनौर पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने की बात कही। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद बिजनौर के पूर्व अधिशासी अधिकारी विकास कुमार का हाल ही में सीतापुर स्थानांतरण हो गया था। उनके स्थान पर शासन द्वारा मुरादाबाद में तैनात रामपाल यादव को बिजनौर भेजा गया है। सोमवार को उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद ईओ रामपाल यादव ने कहा कि वे शासन की मंशा एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विकास, स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा नागरिक सुविधाओं का विस्तार उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए पालिका बोर्ड, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शहरवासियों के सहयोग की आवश्यकता है। सभी के सहयोग से विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जाएगा, ताकि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। नये ईओ के कार्यभार ग्रहण करने से पालिका प्रशासन में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नलकूप पर बैठा देखा गुलदार, तेजी से दौड़ा दी कार

**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में मीरापुर मार्ग पर स्थित नलकूप पर गुलदार बैठा दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगाये जाने की मांग की है। बीती रात कुछ लोग कार से गांव जा रहे थे, तभी उन्हें ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में मीरापुर मार्ग पर स्थित नलकूप पर गुलदार बैठा दिखाई। कार में सवार युवकों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने, अकेले जंगल न जाने तथा अपने बच्चों पर ध्यान दिए जाने का आह्वान किया। मालूम हो कि इससे पूर्व भी ग्राम जमालुद्दीनपुर,बास्टा रोड, धनौरा रोड आदि स्थानों पर रात्रि के समय गुलदार दिखाई दे चुका है। एक सप्ताह पूर्व गुलदार ने मोटरसाइकिल से चांदपुर से अपने गांव मूंदरा जा रहे व्यक्ति पर गुलदार ने हमलाकर घायल कर दिया था।

## गौवंश को खींच ले गया गुलदार

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम महमूदा खादर निवासी किसान नन्हे सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह ने बताया की रात उनका गौवंश (लवारा) पशुशाला में बंधा हुआ था। देर रात गुलदार पशुशाला में घुस आया और गौवंश पर हमला कर उसे घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। सुबह जब किसान पशुशाला पहुंचा तो गौवंश गायब मिला। खोजबीन करने पर उसका क्षत-विक्षत शव जंगल के किनारे पड़ा मिला। घटना से पूरे परिवार में भय का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से गुलदार की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से उसे पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# बच्चेदानी की रसौली के आप्रेशन के दौरान चली गई महिला की जान

## परिजनों ने किया नर्सिंग होम पर हंगामा

**पैजनिया (चिंगारी)।** यहां फजलपुर ढाकी मार्ग पर एक नर्सिंग होम में बच्चेदानी की रसोली के आपरेशन के दौरान एक विवाहिता की मौत हो गई। इस बात से गुस्साए परिजनों ने नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बमुश्किल मामला शांत कराया। घटना रविवार तड़के 4 बजे की है। परिजनों के मुताबिक गांव पैजनिया निवासी दीपा पत्नी विपिन (28 वर्ष) की बच्चेदानी में रसोली थी, जिससे वह काफी परेशान थी। परिजनों के मुताबिक जब उसके पेट में दर्द हुआ तो वे नजदीकी केएम हॉस्पिटल में दवाई दिलाने के लिए ले गए। आरोप है कि डॉक्टर ने बिना कोई जांच कराए दीपा का रसौली का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन करने के दौरान ही दीपा ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने नर्सिंग होम के डॉक्टर शाहनवाज से दीपा को अन्य अस्पताल में रैफर करने को कहा था, लेकिन उसने एक नहीं सुनी। इस दौरान गांव के भी दर्जन लोग मौके पर पहुंच गए और नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर पैजनिया चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत किया। बताया जाता है कि कुछ ग्रामीणों ने बीच बचाव करते हुए नर्सिंग होम के डॉक्टर द्वारा मुआवजा दिए जाने के आश्वासन पर दोनों पक्षों का समझौता कर दिया।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक हल्दौर विजेंद्र राठी ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है, परंतु इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वहीं इस संबंध में नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जांच कर नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




# खिलेंद्र भारद्वाज बने युवा जिलाध्यक्ष



**चांदपुर (चिंगारी)।** सर्वब्राह्मण महासभा की बैठक में क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी खिलेन्द्र भारद्वाज को संगठन का युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। खिलेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। बैठक में रोहित भारद्वाज, अनित शर्मा, मुकुल शर्मा, हनी शर्मा, अनूप पाराशर, पीयूष कुमार, मयंक कुमार, मोहित शर्मा, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में बीबीए का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के द्वारा बीबीए तृतीय वर्ष (षष्ठम सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के बल पर शानदार सफलता अर्जित कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। जिसमें कनिका बालियान ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान एवं फातिमा एलिया 87.83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं सलोनी ने 82.16 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। बीबीए विभाग के विभागाध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज एवं समस्त प्राध्यापकों पूजा लाम्बा, फाल्गुनी शर्मा, शिखा मेहरा एवं अनुज कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रबंधन का प्रोत्साहन

वीरा चैरिटेबल सोसाइटी सचिव कुंवर उदयन वीरा, मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा एवं रेडियो संदेश बिजनौर सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी शिक्षा, प्रबंधन एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर संस्थान और जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# मंडी की चाय : भाव ऊपर-नीचे, पर चाय की चुस्की वही पुरानी

रिपोर्ट : चिंगारी टीम, बढ़ापुर



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** सुबह 6 बजते ही सब्जी मंडी में ऋषिपाल प्रजापति की चाय की दुकान खुल जाती है, जो रात 10 बजे तक खुली रहती है। इस दुकान को लोग सब्जी मंडी की धड़कन के नाम से जानते हैं। चाय की 35 साल पुरानी दुकान है। ऋषिपाल प्रजापति बताते हैं कि सब्जी मंडी में उन्होंने प्याज व टमाटर की कीमतों में तो बहुत बार उबाल देखा है, मगर इस अवधि में भट्टी पर उबलती चाय आज भी सस्ती है। साढ़े तीन दशक पूर्व जब उन्होंने चाय की दुकान की थी, तब चाय और समोसा मात्र एक-एक रुपया में बिकता था, आज उनकी दुकान पर प्रति चाय व समोसा की कीमत 12 रुपए है।

## दुकान की पहचान

**सवेरे 6 बजे पहली केतली उन सब्जी उत्पादक किसान के लिए जो मंडी में सब्जी लाकर दुकानदारों को बेचते हैं, आखिरी केतली की चाय रात को नगर के उन दोस्तों के नाम जो नगर के अलग-अलग मुहल्लों से आकर उनकी चाय की दुकान पर गपशप करते हैं।**

## सब्जी उत्पादक किसानों के आज के 2 मुद्दे

1. भाव का उतार-चढ़ाव, तौरी 20 से 10 पर आ गई। टमाटर की कीमत भी मात्र 10 रुपये ही रह गई। ऐस में अब तो किसानों की लागत भी नहीं निकल रही है।

2 -नगर में जहां आढ़ती बैठते हैं और सब्जी की बोली लगती है, वह नगर पंचायत की सड़क है। मंडी समिति आढ़तियों को आढ़त का लाइसेंस देकर उनके माध्यम से आढ़त तो वसूल करती है, मगर उनके लिए कोई सुविधा नहीं है न पीने का पानी, न धूप से बचने का कोई उपाय।

## चाय की चुस्की के बीच किसानों की बातें - सुबह 7 बजे

**किसान जयप्रकाश सिंह, बोरे में भिंडी लिए बोले- भाई ऋषिपाल कल भिंडी 20 रुपये किलो थी, आज 15 रुपये रह गई। खेत से मंडी तक लाने में बाइक के पेट्रोल की कीमत भी नहीं निकली। अब चाय अपनी जेब के रुपयों से पीनी पड़ेगी। चाय की चुस्की खत्म होते ही जयप्रकाश अपने साथी किसान मोहन से कहते हैं चल भाई बैठ बाइक पर घर चलते हैं।**

**मोहन कहता है मेरे बैंगन तो बिक गए हैं, मगर 10 बजे बैंक खुलेगा तब गन्ने के पैसे बैंक खाते से निकालकर लाऊंगा। बैंक से 10 हजार रुपये से ज्यादा कैश नहीं मिल रहा है। किसानों को बैंक से पैसा निकालने में बहुत दिक्कत हो रही है। बैंक में लाइन में लगे या खेत की रखवाली करें, बैंक में नगदी की समस्या को लेकर किसान बहुत परेशान हैं।**

### पाठकों से सवाल

**सब्जी उत्पादक किसानों की समस्याओं का समाधान कैसे हो ?**
**अपनी राय 9719540585 नं. पर व्हाट्सऐप करो**

## लघुकथा

# माला और मलाल



ट्रेजरी कार्यालय आज सजा हुआ था, बाबू आनंद सिंह की सेवानिवृत्ति पर मालाओं का अंबार लगा था। अधिकारी उनके ईमानदार व्यक्तित्व, कार्यकुशलता और समर्पण के गुणगान कर रहे थे। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कोई उन्हें विभाग की शान बता रहा था, तो कोई कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी। उसी समय एक दुबली-पतली बुजुर्ग महिला हाथ में पुरानी फाइल लिए कार्यालय में पहुंची। उसने पास खड़े कर्मचारी से पूछा, क्या हो रहा है बेटा ?

आनंद बाबू रिटायर हो रहे हैं, उनका सम्मान समारोह है। यह सुनते ही महिला का चेहरा तमतमा उठा। वह तेज़ कदमों से मंच के सामने पहुंची और ऊंची आवाज़ में बोली, कैसा सम्मान ? किस बात का सम्मान ? मेरी पेंशन की फाइल महीनों दबाकर रखी। हर चक्कर पर पैसे मांगे। अपनी भैंस बेचकर इन्हें रिश्वत दी, तब जाकर पेंशन बनी। आज इन्हें ईमानदारी की माला पहनाई जा रही है।

पूरा सभागार सन्नाटे में डूब गया, तालियां थम गईं, मंच पर बैठे अधिकारियों की निगाहें झुक गईं। आनंद बाबू के गले में पड़ी मालाएं अचानक उन्हें बोझ लगने लगीं।

बुजुर्ग महिला ने अपनी फाइल सीने से लगाई और जाते-जाते बस इतना कहा-सेवानिवृत्ति नौकरी से होती है, कर्मों से नहीं। उनके फैसले की तारीख ऊपर वाला तय करता है। उस क्षण मालाओं की चमक फीकी पड़ चुकी थी, क्योंकि सच ने सम्मान के चेहरे से नकाब उतार दिया था।



-डॉ. पंकज भारद्वाज

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की लॉर्ड्स में ऐतिहासिक जीत


**लंदन ( एजेंसी/चिंगारी )।** स्नेह राणा (42 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को लॉर्ड्स मैदान में एकमात्र टेस्ट के चौथे और आखिरी दिन सोमवार को 270 रन के बड़े अंतर से रौंद दिया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 457 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में छह विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए 186 रन पर सिमट गयी। जो होना ही था, वो हो गया! लॉर्ड्स को अपना पहला महिला टेस्ट होस्ट करने में 142 साल लग गए, और भारतीय टीम ने इस मौके को यादगार बनाते हुए इंग्लैंड महिला को इस मशहूर जगह पर 270 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी आराम से बेहतर टीम थी, उन्होंने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड को आउट-बैटिंग, आउट-बॉलिंग और आउट-फील्डिंग दी। रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा जारी है, पिछले 11 टेस्ट में सात जीत, तीन ड्रॉ और सिर्फ एक हार मिली है। यह इंग्लैंड में भारत का 11वां टेस्ट भी था, और वे देश में इस फॉर्मेट में बिना हारे हैं। जहां तक मैच की बात है, इंडिया ने शुरू से ही दबदबा बनाया।

## मतदान द्वारा किया गया हेड बॉय, हेड गर्ल का चुनाव

**नगीना ( चिंगारी )।** एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में हेड बॉय व हेड गर्ल के चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। मतदान शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सम्पन्न कराया गया। हेड बॉय पद के लिए नामांकित छात्रों में मुजम्मिल एवं प्रिंस तथा हेड गर्ल पद के लिए नामांकित छात्राओं में दिया एवं वंशिका के समर्थन में विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंध निर्देशिका सिद्धि अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतंत्र और मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रिया चौहान द्वारा किया गया।



## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 29 जुलाई को



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंधता के विरुद्ध मुहिम चलाने वाले नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाये जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला में इस माह 29 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। वर्षों से मानवता की सेवा में लगे वीरेंद्र कुमार अग्रवाल व उनके सुपुत्र विकास अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि नूरपुर रोड स्थित अग्रवाल भवन में शिविर प्रात: 9 बजे से शुरू हो जायेगा, जिसमें निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण व उपचार किया जायेगा। जिन रोगियों का मोतियाबिंद का आप्रेशन होना है उन्हें चिकित्सक टीम अपने साथ ऋषिकेश ले जायेगी और आप्रेशन पश्चात उन्हें दवाई आदि देकर स्वयं बिजनौर छोड़ने भी आयेगी। विकास अग्रवाल के अनुसार मरीजों का आना-जाना, रहना, खाना-पीना, आप्रेशन व दवाई आदि सभी नि:शुल्क होगा। आप्रेशन वाले व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपने साथ लाना होगा। अधिक जानकारी के लिये मो. 9837027465 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मुहिम रंग ला रही है

समाज में कुछ लोग समाजसेवा का ढोल पीटते रहते हैं और कुछ ऐसे लोग भी हैं जो चुपचाप मानव सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानते हुए लगे रहते हैं। ऐसे ही हैं सर्राफा व्यवसायी वीरेंद्र कुमार व उनके सुपुत्र विकास अग्रवाल, जो विगत कई वर्षों से जीते जी रक्तदान व मृत्यु के पश्चात नेत्रदान मुहिम चला रहे हैं। उनकी इस मुहिम का सकारात्मक प्रभाव भी लोगों पर पड़ रहा है और काफी संख्या में लोग रक्तदान व नेत्रदान के लिये आगे आ रहे हैं।



विरेन्द्र कुमार अग्रवाल
सर्राफ



विकास कुमार अग्रवाल
सर्राफ

# हिस्ट्रीशीटर ने विद्युत विभाग के जेई को दी गंदी गालियां, की मारपीट

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** थाने के एक हिस्ट्रीशीटर ने कोतवाली देहात विद्युत उपकेंद्र के जेई को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं,जेई ने जब गलियों का विरोध किया तो हिस्ट्रीशीटर ने उसके साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हिस्ट्रीशीटर के बारे में बताया जाता है कि दबंग किस्म का अपराधिक व्यक्ति है, जो की आएदिन नये-नये फसाद पैदा करने के लिए जाना जाता है। जेई ने कोतवाली देहात पुलिस में शिकायत की लेकिन पुलिस कार्यवाही करने की वजह उल्टा जेई पर फैसले का दबाव बनाने का काम कर रही है। जेई ने बताया कि पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो वह पुलिस के आला अधिकारी से इसकी शिकायत करेंगे और अपने विभाग को साथ लेकर आगे की रणनीति तय करेंगे। कोतवाली देहात विद्युत उपकेंद्र केंद्र पर तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) राजवीर अपनी टीम के साथ करौंदा पचड़ू में बिजली चैकिंग करने गए थे, बिजली चैकिंग होती देख करौंदा निवासी युसूफ कुरैशी ने अधिकारी व कर्मचारियों को गालियां देनी शुरू कर दीं, गलियों का विरोध करने पर युसूफ कुरैशी जेई के साथ मारपीट पर उतारू हो गया। इस पूरे घटनाक्रम का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। जेई ने अपने कर्मचारियों के साथ थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई, उन्हें रसीद काटकर दे दी गई है, लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में नहीं आई है। घटना का जो वीडियो बनाया गया था, वह अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जेई राजवीर ने बताया कि पुलिस कार्यवाही करने की वजह उल्टा विद्युत विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाकर समझौता करने की कोशिश में लगी हुई है।



# अधिकारियों ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने सोमवार को भूतपुरी, जसपुर-सुआवाला कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर मौके पर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान अफसरों का काफिला बनेली नदी पर बने पुल पर भी पहुंचा। यहां उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान पुल से भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रखने के निर्देश दिए। साथ ही छोटे वाहनों के संचालन को जरूरत के अनुसार जारी रखने की बात कही। मार्ग के दोनों ओर फैली झाड़ियों को तत्काल साफ कराने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर बिजली, पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ तय समय के भीतर तैयारियां पूरी करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। अधिकारियों ने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में गुलदार की संभावित गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग और पुलिस को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले से पुख्ता इंतजाम रखने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम हिदायतपुर चौहड़ में बरसात के मौसम में कब्रिस्तान में होने वाले जलभराव की समस्या का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभाग से प्रस्ताव तैयार कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। निरीक्षण में उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज सिंह, क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह, प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, यातायात प्रभारी रवि कुमार नैन सहित राजस्व, पुलिस, वन विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर चिंता


**नगीना (चिंगारी)। पिछड़ा समाज पार्टी की बैठक में अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के चढ़ावे में हुई कथित चोरी के मामले पर चिंता व्यक्त की गई। मोहल्ला साहूवान में आयोजित बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपाल सिंह सैनी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में राम मंदिर बनवाया गया। ट्रस्ट में चंपत राय बंसल को महासचिव बनाया गया। उन्होंने कहा कि जब से राम मंदिर बना है तब से चंपत राय को राम मंदिर की सुध नहीं रही। चंपत राय ने अपने ड्राइवर को राम मंदिर में बड़ा पद दिया और राम मंदिर में खुलकर चोरी हो गई। मामले में एसआईटी गठित की और मामले की जांच की। बैठक को प्रसादी सिंह सैनी, लेखराज सैनी, महिपाल सैनी, दयाराम धनगर ने संबोधित किया।**

## मेरा नाम करेगा रोशन...

# ये हमारे होनहार, इनके सपने हों साकार

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कहते हैं कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती। यदि बचपन से ही लक्ष्य निर्धारित कर लिया जाए और परिवार का सहयोग मिले तो सफलता की राह आसान हो जाती है। अफजलगढ़ के कई होनहार बच्चे भी अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने संजोए हुए हैं। कोई न्याय के क्षेत्र में देश की सेवा करना चाहता है, तो कोई प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, बैंकर अथवा सफल उद्यमी बनने का सपना देख रहा है।





नगर के मोहल्ला गौहर अली खान निवासी कृपा गुप्ता एवं सनी गुप्ता की 11 वर्षीय पुत्री हर्षाली गुप्ता जो कि नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल अगवानपुर में कक्षा छह की छात्रा है, भविष्य में जज बनना चाहती है। उसके अभिभावकों का कहना है कि बेटी के सपनों को साकार करने के लिए वे हरसंभव सहयोग और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएंगे। इसी प्रकार मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी दीप्ति अग्रवाल एवं रजत अग्रवाल की पुत्री नित्या जो कि सेंट मैरी स्कूल अफजलगढ़ में कक्षा आठ की छात्रा है। आईएएस अधिकारी बनने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर रही है। उसके माता-पिता का कहना है कि वे उसकी प्रतिभा को निखारने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

वहीं मोहल्ला किला निवासी अनुष्का शर्मा एवं स्वर्गीय नीलेश शर्मा के पुत्र आदि शर्मा जो नगर के पारस पब्लिक स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। बड़े होकर इंजीनियर बनना चाहता है। उनकी माता अनुष्का शर्मा का कहना है कि उनके लिए सबसे पहली प्राथमिकता बेटे को एक अच्छा और संस्कारी इंसान बनाना है।

उधर मोहल्ला बेगम सराय निवासी बोस्की कर्णवाल एवं रवि कर्णवाल के 14 वर्षीय ट्रिपलेट्स (एक साथ जन्मे तीन बच्चे)—अक्ष, दक्ष और नक्श, जो कि जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल जसपुर में कक्षा आठ के छात्र हैं। वह भी अपने-अपने भविष्य को लेकर उत्साहित हैं। परिवार की इच्छा है कि तीनों में से एक डॉक्टर, दूसरा बैंकर और तीसरा सफल कारोबारी बने।

-प्रस्तुति : नितिन दिनेश कौशिक

# आदमी को मयस्सर नहीं इंसां होना

सांध्य दैनिक चिंगारी के नये शाहकार 'अपने शहर में' के अंतर्गत बढ़ापुर से हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल रामपाल प्रजापति और अब्दुल वाहिद की मित्रता के बारे में पढ़ने का अवसर मिला। इन मित्रों की दशकों से चली आ रही मित्रता के संबंध में।

मेरी राए यह है कि 'वफ़ादारी, भरोसा और अपनापन किसी मज़हब की जागीर नहीं होते' ये तो इंसानियत की सबसे सुंदर पहचान है। जब दो दिल बिना किसी भेदभाव के जुड़ते हैं, तभी समाज मज़बूत बनता है। ऐसे उदाहरण हमें सिखाते हैं कि नफ़रत की दीवारें नहीं, मोहब्बत के पुल बनाए जाएं। जैसा कि ग़ालिब ने कहा है कि –

**'बस कि दुश्वार है हर काम का आसाँ होना,**
**आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना।'**



यही पंक्ति इस मित्रता का सबसे सटीक परिचय है। और अपने बिजनौर की पहचान है। समाज में एकता एवं भाईचारा का संदेश देने वाली स्टोरी के लिए चिंगारी का धन्यवाद आभार।

-दिनेश कुमार, निचलपुर (बिजनौर)

# इमरान कुरैशी ने किया रालोद नेताओं का स्वागत



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद व रामवीर सिंह का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। राष्ट्रीय लोकदल के युवा के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने विधानसभा सिवाल खास मेरठ के विधायक हाजी गुलाम मोहम्मद व रोहिलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष रामवीर सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप, प्रदेश महासचिव नागेंद्र पवार का कस्बे के मुख्य तिराहे पर गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

इस मौके पर नासिर सलमानी, महबूब अंसारी, अकरम अंसारी, मोहम्मद हनीफ, तस्लीम कुरैशी, शेख परवेज, इस्तखार आदि लोग उपस्थित रहे।





खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans







**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

# क्या इस बार पूरा होगा भाजपा का ख्वाब?

नजीबाबाद वि.स. सीट

**रूकन राजपूत**

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विधानसभा चुनाव भले ही अभी दूर हों, मगर अपनी-पानी पार्टी से टिकट मांग रहे नेताओं ने जनता के बीच जाकर माहौल बनाना शुरू कर दिया है। नजीबाबाद विस क्षेत्र में भाजपा केवल 1991 में एक बार रामलहर के रथ पर सवार होकर ही जीत का स्वाद चख सकी है। इस बार मुस्लिम मतों के बिखराव और गैर दलित हिंदू मतों की एकजुटता का ख्वाब संजोये बैठी भाजपा को जीत अपने पाले में आती दिखाई दे रही है।

यूपी में 1952 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में नजीबाबाद विस सीट अस्तित्व में नहीं थी। 1956 में परिसीमन के बाद नजीबाबाद विस सीट का सृजन हुआ था और यहां पहला चुनाव 1957 में हुआ था। वर्ष 2008 में प्रदेश में संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुन: परिसीमन होने के बाद नजीबाबाद विस सीट को पहचान संख्या 17 आवंटित की गई थी।

1991 के विस चुनावों में भाजपा रामलहर रथ पर सवार थी। तब अविभाजित उत्तर प्रदेश की 425 विस सीटों में से 221 सीटें जीतकर भाजपा ने कल्याण सिंह के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी, तब भाजपा के राजेन्द्र प्रसाद एक बार यहां कमल खिला सके थे।

1993 में हुए चुनावों में भाजपा इस सीट को हार गई थी तथा माकपा के मा. रामस्वरूप सिंह ने सपा-बसपा का गठबंधन होने के बावजूद धमाकेदार जीत दर्ज की थी। रामस्वरूप सिंह को 46,401, भाजपा के राजेन्द्र प्रसाद को 40,489, सपा-बसपा गठबंधन के दिनेश कुमार (बसपा) को 16,327 और कांग्रेस की आशा चौधरी को 11,518 मत मिले थे।

## फिर भाजपा को पराजय ही मिली

1991 के बाद भाजपा के हिस्से में नजीबाबाद में केवल पराजय ही आई है। भाजपा ने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को कड़ी चुनौती तो दी, मगर अंतत: उसे पराजय का सामना करना पड़ा। 2017 में भाजपा ने वर्तमान विधायक हाजी तसलीम अहमद को बेहद कड़ी चुनौती दी थी। सपा के हाजी तसलीम अहमद को 81,082 तथा भाजपा के राजीव अग्रवाल को 79,080 मत मिले थे। जीत-हार का अंतर केवल 2,002 मतों का रहा था। पिछली बार विधायक तसलीम अहमद के सामने भाजपा के कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र सिंह चुनाव लड़े, मगर उन्हें 23,770 वोटों से करारी पराजय मिली। हाजी तसलीम अहमद 2012, 2017 तथा 2022 में जीतकर नजीबाबाद में हैट्रिक लगा चुके हैं। चौथी बार भी उनका चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है।

## इस बार 'एक अनार सौ बीमार'

भाजपा ख्वाब संजोये बैठी है कि 2027 में मुस्लिम वोट बंटेगा तथा उसे गैर दलित हिंदुओं के वोट थोक में मिलेंगे। भाजपा को कुछ दलित वोटों से भी पूरी आस है। इसीलिये इस बार भाजपा के टिकट के लिये 'एक अनार सौ बीमार' वाली स्थिति है। अब ये तो समय ही बतायेगा कि भाजपा का ख्वाब हकीकत में तब्दील होता है या मुंगेरी लाल के हसीन सपने साबित होता है।

## 2007 के बाद सत्ताधारी पार्टी का विधायक नहीं बना

2007 में प्रदेश में बसपा की सरकार बनी थी और नजीबाबाद में विधायक भी बसपा का ही था। फिर उसके बाद जिस पार्टी की सत्ता आई, उसका विधायक नहीं बन सका। 2012 में फिर बसपा का विधायक बना, तो सूबे में सपा की सत्ता आ गई। 2017 और 2022 में सपा के विधायक बने, तो प्रदेश में भाजपा की सरकार आ गई। अब देखना है कि 2027 के चुनाव में यह परिपाटी बदलती है या नहीं।

### 1980 से नजीबाबाद विस सीट पर चुने गये विधायक

1980 – रतिराम सिंह (कांग्रेस-आई)
1985 – सुक्खन सिंह (कांग्रेस)
1989 – बलदेवा सिंह (बसपा)
1991 – राजेन्द्र प्रसाद (भाजपा)
1993 – मा. रामस्वरूप सिंह (माकपा)
1996 – मा. रामस्वरूप सिंह (माकपा)
2002 – मा. रामस्वरूप सिंह (माकपा)
2007 – शीशराम सिंह (बसपा)
2012 – हाजी तसलीम अहमद (बसपा)
2017 – हाजी तसलीम अहमद (सपा)
2022 – हाजी तसलीम अहमद (सपा)

# सांसद चंदन चौहान के सहयोग से टीबी मरीजों को किट वितरित की




**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (निक्षय मित्र पहल) के अंतर्गत रालोद सांसद चंदन चौहान ने टीबी के 50 मरीजों को गोद लिया है। सांसद चंदन चौहान के निर्देश पर रालोद के युवा प्रदेश महासचिव शिवम राणा की देखरेख में टीवी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। टीबी हारेगा देश जीतेगा की थीम पर निक्षय मित्र पहल को सफल बनाने का आह्वान किया गया। सोमवार को महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रालोद सांसद चंदन चौहान द्वारा गोद लिए गए टीवी के 50 मरीजों को रालोद कार्यकर्ताओं की देखरेख में पोषण किट वितरित की गई। पोषण किट में चना, दाल, प्रोटीन पाउडर, बिस्किट एवं अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल है। युवा रालोद के प्रदेश महासचिव शिवम राणा ने बताया कि सांसद चंदन चौहान के निजी खर्च पर मरीजों को पोषण किट वितरित की गई है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तुहिन वशिष्ठ ने कहा कि जनसहयोग से किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस अवसर पर टीबी विभाग के डॉ. अभिषेक चौधरी का विशेष योगदान रहा।

# 15 को नजीबाबाद, 21 को बिजनौर में पंचायत करेगी भाकियू

### नगीना में किसान नेताओं पर दर्ज मुकदमों से प्रशासन के खिलाफ़ गुस्सा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) ने 15 जुलाई को पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद के कार्यालय पर तथा 21 जुलाई को जिला मुख्यालय पर पंचायत करने की घोषणा की है। नगीना में भाकियू नेताओं पर दर्ज मुकदमों तथा प्रशासन की हठधर्मिता से संगठन में भारी नाराजगी है। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद के गेस्ट हाउस में पिछले 13 दिनों से संगठन का धरना-प्रदर्शन चल रहा है। 15 जुलाई को वहां जिलास्तरीय पंचायत आहूत की गई है। उन्होंने जनपद बिजनौर के सभी कार्यकर्ताओं से 15 जुलाई को पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद के गेस्ट हाउस में पहुंचने की अपील की है। इसके अलावा नगीना में भाकियू नेताओं, कार्यकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज किये गये मुकदमों के विरोध में 21 जुलाई को जिला मुख्यालय पर पंचायत आहूत की गई है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि नगीना तहसील में किये गये किसान आंदोलन के बाद संगठन के नेताओं पर दर्ज किये गये फर्जी मुकदमों को लेकर 21 जुलाई को पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से जवाब मांगा जायेगा। पंचायत में प्रशासन की हठधर्मिता के विरुद्ध कड़ा निर्णय लिया जायेगा। जिलाध्यक्ष का दोटूक कहना है कि किसान की आवाज को किसी भी सूरत में दबने नहीं दिया जायेगा तथा भ्रष्ट अधिकारियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

## एनसीईआरटी की पुस्तकों से अध्ययन का आह्वान

# एचआईसी में पुस्तक मेले व प्रदर्शनी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर में सोमवार को सभागार में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. कोंपल रस्तोगी के निर्देशन में आयोजित इस पुस्तक मेले में नगर के पुस्तक विक्रेताओं के. के. बुक डिपो एवं गोयल बुक डिपो ने



एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित कक्षा 9 से 12 तक की विभिन्न पाठ्य पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों का आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा प्रकाशित एनसीईआरटी की पुस्तकों से अध्ययन करें तथा किसी भी प्राइवेट पब्लिसर की पुस्तक न खरीदें। उन्होंने कहा कि हमें वास्तविक ज्ञान पुस्तकों से ही प्राप्त होता है। एनसीईआरटी की पुस्तकों में निहित तथ्यों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनेक प्रश्न पूछे जाते हैं। नोडल अधिकारी डा. गोपाल रस्तोगी ने बताया कि कम मूल्य प्रमाणित तथ्य तथा एनसीईआरटी का पूर्ण नियंत्रण इन पुस्तकों की मुख्य विशेषता है। डॉ. एमएस त्यागी ने कहा कि विद्यार्थी पुस्तक पढ़ने के साथ-साथ नोट्स भी बनाएं तथा स्वयं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इन्हीं पुस्तकों से तैयार करें। वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरन प्यारी, शकुंतला कन्या इंटर कॉलेज से पूनम रानी, जनता इंटर कॉलेज बागड़पुर से पल्लव महेश्वरी, स्वाति मिश्रा, रत्न प्रभा, मोहम्मद इमरान, कुमार सामर्थ त्यागी, रेशु शर्मा, अवनीश भटनागर, नरपाल सिंह, कुलदीप कुमार गुप्ता, रहमानिया इंटर कॉलेज की शिक्षिका नरगिस ने भी संबोधित किया। इस पुस्तक मेले में राजकीय इंटर कॉलेज लोहरपुरा, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, शकुंतला कन्या इंटर कॉलेज, रहमानिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, सीवी रमन इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज दरबाड़ा, जनता इंटर कॉलेज बागड़पुर तथा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# काकरान वाटिका में भव्य श्री रामकथा का समापन





### राम के जयकारों से गूंज उठा पंडाल

**बिजनौर ( चिंगारी )। काकरान वाटिका में सोमवार को श्रीराम कथा के समापन दिवस पर भक्तिभाव का अद्भुत नजारा देखने को मिला।**

योगेंद्र माधव महाराज ने रावण वध और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि वनवास के बाद राम अयोध्या लौटे, जहां भरत जी ने उनका भव्य स्वागत किया और कैकई ने भी आशीर्वाद दिया। जय राम के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। क्रांति विभाग प्रचारक ने भक्तिमय गीत सुनाए और परिवार में मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष खिलेंद्र, सचिव नितिन बालियान, क्रांति कुमार, विभाग प्रचारक, तरुण गुप्ता, संजीव शर्मा, शुभम शर्मा, गौरव यादव, शुभम गौड़, बृजनंदन चौहान, अरविंद चौधरी, दिग्विजय, राहुल राठी, दीपक राजपूत, निधि चौधरी, मेघा गर्ग, नेहा अरोड़ा, वंदना चौहान, भवी शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य यजमान दुष्यंत एवं आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया और प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की।

# बालक/बालिकाओं की बास्केटबॉल टीमों का हुआ चयन

## 22 जुलाई को नोएडा एवं 4 अगस्त को मेरठ में खेलेंगी

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि बिजनौर डिस्ट्रिक्ट की 16 वर्ष एवं 14 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं की बास्केटबॉल टीमों का चयन बिजनौर में किया गया। 16 वर्ष तक की बालक एवं बालिकाओं की टीम 22 जुलाई से 28 जुलाई 2026 तक गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित 20वीं उत्तर प्रदेश राज्य यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बिजनौर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।



16 वर्ष बालक वर्ग टीम में संचित गोस्वामी(कप्तान), दिव्यनं सिंह, दीपेश कुमार,जतिन सिसोदिया, शिवा कुमार, विराट दोहन, हम्ज़ा असीम, दीपक चौहान, प्रशांत कुमार, परमीत सिंह, प्रांजल तायल, मुहम्मद अहमद का चयन किया गया। हेमन्त त्यागी (मैनेजर) एवं उदितांशु प्रताप सिंह (प्रशिक्षक) होंगे। 16 वर्ष बालिका वर्ग में मनस्वी (कप्तान), तपस्या, शताक्षी, नंदनी परमार, गुरुशरण कौर, आराध्य आर्य, वैष्णवी सिंह, यशिका, आसमा परवीन, संस्कृति त्यागी एवं आर्निका राजपूत का चयन हुआ। श्रीमती पम्मी गहलौत (मैनेजर एवं प्रशिक्षक) होंगी। 14 वर्ष बालक वर्ग की टीम का चयन 13 जुलाई को किया गया। यह टीम 04 से 08 अगस्त 2026 तक मेरठ पब्लिक स्कूल, मेरठ में आयोजित होने वाली 30वीं उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करेंगी। टीम इस प्रकार है- आकाश गौतम, दिव्यांश सिंह, वंश सेठी, आरव सिंह, जन्मेय चौहान, कुशाग्र सिसोदिया, अनांच राठौर, रुद्र प्रताप, मोहम्मद सेम अंसारी, अक्षित कुमार, रुद्र प्रताप गहलौत, प्रणव कुमार, अक्षित कुमार। हेमन्त त्यागी (मैनेजर) एवं शशांक दिवाकर (प्रशिक्षक) होंगे। इस अवसर पर चयन समिति के निम्न सदस्य उपस्थित रहे। योगेश्वर त्यागी (सचिव), गोपाल त्यागी(उप सचिव), श्रीमती पम्मी गहलौत (डीपीएस, बिजनौर) प्रशांत कुमार चिल्लर, हेमन्त त्यागी, शशांक दिवाकर (वरिष्ठ खिलाड़ी) एवं नजीबाबाद, नगीना, नूरपुर आदि से आए अभिभावक उपस्थित रहे।

# पकड़ा गया साइबर ठगों का गिरोह



**नहटौर (चिंगारी)।** धोखाधड़ी करते हुए अलग-अलग खातों में से पैसे हड़पने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से सात मोबाइल, 70 हज़ार की नकदी, आधार कार्ड आदि दस्तावेज बरामद किये हैं। गिरफ्तार 6 आरोपियों में से 4 नहटौर के हैं। प्रभारी निरीक्षक नहटौर किशन अवतार सिंह ने बताया कि साइबर फ्रॉड के अंतर्गत दर्ज रिपोर्ट की विवेचना के अंतर्गत एक संगठित साइबर ठग गिरोह प्रकाश में आया, जो देशभर में फेक कॉल, फर्जी एचएसआरपी नंबर प्लेट, फर्जी इन्वेस्टमेंट, स्कैम आदि के माध्यम से धोखाधड़ी करता था एवं साइबर फ्रॉड के अंतर्गत रुपए को अलग-अलग खातों में गैर राज्यों से मंगवाकर एटीएम आदि के माध्यम से निकलवाते थे। इसके संबंध में 13 शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने विवेचना के आधार पर मौ. साहब पुत्र मुजर्रत अली निवासी डूंडा कालोनी नहटौर, मौ. नवाब पुत्र मौ.वसीम ग्राम शीवासुचंद अफ़ज़लगढ़, परवेज़ सिद्दीकी पुत्र गुलाम साबिर मौ.छापेग्रान नहटौर, असद इरशाद पुत्र इरशाद अहमद छापेग्रान नहटौर, कैफ़ सिद्दीकी पुत्र शहजाद आलम छापेग्रान नहटौर व राजा पुत्र रणवीर सिंह ग्राम मधोरा शेरकोट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की। आरोपियों के पास से 7 मोबाइल, छह आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, दो एटीएम कार्ड, नो बैंक पासबुक, व 70 हजार की नगदी बरामद करने का दावा किया। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया है।

**6 आरोपियों में 4 नहटौर के**

# सर्वसाधारण को सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूचनाकर्ता एवं सूचनाकर्ता का परिवार एक सम्पत्ति, जिसमें 10 दुकानात व दुमंजिला स्थापित है। दुकानात दक्षिण व पूरब सामनी हैं तथा उत्तर में निजी रास्ता एवं पट आराजी है। बादहू पट आराजी वारिसान मौ. उमर एवं वारिसान मौ. आमिर की है तथा पश्चिम में मकान वारिसान किरायेदार अ. गनी है तथा एक अन्य मकानात दुमंजिला बदरवाजा सदर पूरब सामना, जिसके पूरब व दक्षिण में सड़क एवं उत्तर में रास्ता हवेलियात व पश्चिम में मकान वारिसान अ. हमीद का रहा है, जो अब हाजी मौ. आरिफ सिद्दीकी का बशक्ल दुकान है। स्थित मौह. शीशग्रान, कस्बा नहटौर, तह. धामपुर, जिला बिजनौर के मालिक काबिज है। उक्त सम्पत्ति अ. शकूर व स्व. अ. वाहिद की विरासत से चली आ रही है और मूलवाद सं. 451 सन् 1967, मौ. यासीन बनाम मौ. शकूर आदि में पारित निर्णय दि. 23.01.1992 से सूचनाकर्ता व उसके पति मालिक काबिज चले आ रहे हैं। इस सम्पत्ति से अ. गफूर व अ. रहमान के वारिसान शब्बीर निसार के वारिसान का कोई सम्बंध या सरोकार नहीं है और ना ही सम्पत्ति के मालिक काबिज मौला बख्श थे। यह सम्पत्ति तन्हा हमारी है। शब्बीर व निसार ने एक दावा वाद सं. 481 सन् 2002, शब्बीर आदि बनाम अ. वाहिद, न्यायालय सिविल जज (सी.डि.), बिजनौर में योजित किया था, जो दि. 14.12.2010 को निरस्त हुआ। इस प्रकार यह सम्पत्ति वारिसान स्व. अ. वाहिद के पास रही और स्व. अ. वाहिद व सूचनाकर्ता व उसके पुत्रों के अलावा अन्य किसी व्यक्ति का कोई सम्बंध या सरोकार नहीं है। सूचनाकर्ता व उसके पुत्रों की इन सम्पत्तियों में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई भी अंश नहीं है और ना ही विक्रय करके या अन्य किस भी रीति से अन्तरित करने का अधिकार रखता है। यदि कोई भी व्यक्ति इन सम्पत्तियों को इस सूचना के बाद भी खरीदता या बेचता है, तो वह सूचनाकर्ता व उसके पुत्रों के हर्जे व खर्चे का जिम्मेदार रहेगा और अपने हर्जे-खर्चे का भी खुद जिम्मेदार होगा। सूचित हो।

**सूचनाकर्ता**

**श्रीमती हसीना खातून पत्नी स्व. श्री अ. वाहिद, निवासी मौह. शीशग्रान, कस्बा व थाना नहटौर, तह. धामपुर, जिला बिजनौर, पिनकोड-246733, मो. नं.- 8691883688**

# सुबह सवेरे लड़की को भगा ले गया शादाब

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम ऊमरी पीर की एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए युवक और उसके परिजनों के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि सुबह सवेरे गांव का ही शादाब उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जा रहा था। गेट खुलने की आवाज से उसकी आंख खुली तो उसने साफ देखा और रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुके। आरोप है कि जब वह परिजनों को लेकर शादाब के घर गई तो वहां मारपीट, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।**

# गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया


महमसापुर में पिंजरा लगाते वन दरोगा व ग्रामीण।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम महमसापुर में पशुशाला में घुसकर गुलदार द्वारा एक बछड़े (गौवंश) को निवाला बना लेने के बाद सामाजिक वानिकी ने गुलदार को कैद करने के लिये पिंजरा लगाया है। इससे पहले गुलदार ने पड़ोस में स्थित उदल सिंह की पशुशाला में घुसकर गौवंश का शिकार करने का प्रयास किया था, मगर किसान के जागे रहने के कारण गुलदार का प्रयास विफल हो गया था। सोमवार को सामाजिक वानिकी के वन दरोगा विकास कुमार ने गांव में पहुंचकर पशुशाला तथा उसके पीछे स्थित खेत के बीच पिंजरा लगवाया। वन दरोगा ने बताया कि पहले भी पड़ोसी उदल सिंह की पशुशाला में पिंजरा लगाया गया था, मगर गुलदार उसमें कैद नहीं हो सका था। अब पिंजरे में कुत्ते को रखकर गुलदार को रेस्क्यू करने का पुन: प्रयास किया जा रहा है।

# मुल्तानी समाज के मेधावी विद्यार्थी सम्मानित किये




**नगीना (चिंगारी)।** मुल्तानी वेलफेयर ट्रस्ट व मोहम्मद इसहाक मेमोरियल अवॉर्ड के तत्वावधान में मुल्तानी समाज के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षाविद् डॉक्टर दाऊद मुल्तानी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। सोमवार की दोपहर मोहल्ला लुहारी सराय में एक प्रतिष्ठान पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में अच्छे अंकों से कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले 28 तथा कक्षा 12 पास करने वाले 27 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्नातक व अन्य परीक्षाओं में सफलता पाने वाले 27 विद्यार्थियों को भी विशेष तौर पर पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में हिफ्ज करने 13 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षाविद् डॉक्टर मोहम्मद दाऊद मुल्तानी, उस्मान, मो. इस्माईल, आबिद एडवोकेट, शाहजेब एडवोकेट, मुल्तानी वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सलीम मुल्तानी, आफताब मुल्तानी, इरशाद मुल्तानी, सिद्दीक मुल्तानी आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस नेता राहुल त्यागी को पितृ शोक

**नगीना (चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह राहुल त्यागी के पिता वीरेंद्र कुमार त्यागी का निधन हो गया, वह करीब 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार कोतवाली मार्ग स्थित श्मशान घाट पर किया गया। नगर के आजाद बस्ती तूफान कॉलोनी निवासी आरएसएस नेता राहुल त्यागी ने बताया कि उनके पिता को सुबह करीब नौ बजे अचानक पेट में दर्द की शिकायत हुई, तो वह उन्हें इलाज के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। करीब सुबह 9:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि उनके पिता पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत हुए थे। अंतिम संस्कार नगीना कोतवाली मार्ग पर स्थित श्मशान घाट किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, अरविंद गहलोत, प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, शिव शंकर सक्सेना, पंडित सचिन शर्मा, संजय शर्मा, विशाल गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# डीएम व एसपी ने लिया कांवड़ मार्ग का जायजा

**नहटौर (चिंगारी)। आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का दौरा कर कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



कावड़ मार्ग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अन्य।

सोमवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने निरीक्षण के दौरान कोतवाली, धामपुर, पैजनिया तथा नूरपुर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क किनारे उगी झाड़ियों को दुर्घटना की आशंका का कारण मानते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि कांवड़ियों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा के लिए तैयार किए गए रूट डायवर्जन प्लान की भी समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि डायवर्जन व्यवस्था के दौरान स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को न्यूनतम असुविधा हो तथा इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका को कांवड़ मार्गों से सभी प्रकार के अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय पुलिस को कांवड़ मार्गों पर गश्त बढ़ाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अमित कुमार श्रीवास्तव, यातायात निरीक्षक रवि नैन, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, नगर पालिका के बाबू विशेष उपाध्याय, आकाश कुमार, हर्ष जैन, रमेश चंद, अकरम, सलीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

चन्द्रमणि देवनागरी इंटर कालेज सोसाइटी, हल्दौर परिसर में बनी दुकानों की नीलामी खुली बोली के द्वारा दिनांक 21.07.26 को सायं 4 बजे विद्यालय परिसर में की जायगी। इच्छुक दुकानदार नियम व शर्तों की जानकारी के लिए सी.डी.इं.का. हल्दौर के कार्यालय अथवा मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं। संपर्क सूत्र- 8218602782

**– सुशांत ऐरन, मैनेजर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सतेन्द्र कुमार मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, उससे मेरे विचार नहीं मिलते हैं, समझाने पर भी नहीं मानता। इस कारण मैंने सतेन्द्र को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे अपने संबंध विच्छेद कर लिये हैं। उसके किसी भी अच्छे-बुरे कार्यों से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं हैं। उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**– राकेश कुमार पुत्र श्री रामपाल सिंह, निवासी ग्राम पुट्ठा, थाना हीमपुर दीपा, जिला बिजनौर।**

# चिल्ड्रन एकेडमी में मनाया गया 'येलो डे'

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर की शिक्षण संस्था एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी में येलो डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें छोटी कक्षाओं के बच्चों ने भाग लेकर शानदार विभिन्न एक्टिविटी की।



सोमवार को विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित हुए येलो डे कार्यक्रम में विद्यालय के नर्सरी व एलकेजी के बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। दोनों कक्षाओं के बच्चे येलो ड्रेस पहनकर स्कूल आए और येलो डे कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शिक्षिका चारु, नंदिनी, कनिष्का व शिप्रा ने बच्चों को येलो डे की विभिन्न एक्टिविटी करवाई। जिसमें मेंगो एक्टिविटी व फन एक्टिविटी आदि शामिल रही। छोटे-छोटे सभी बच्चों ने पूरे उत्साह व खुशी के साथ सभी एक्टिविटी में भाग लेकर पूरा आनंद उठाया। प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर इस तरह की विभिन्न एक्टिविटी का आयोजन कराया जाता रहता हैं। जिससे बच्चों को शिक्षा ग्रहण के साथ-साथ स्वस्थ जीवन व सर्वांगीण विकास का भी लाभ होता है। येलो डे में भाग लेने वाले सभी बच्चों का विद्यालय की प्रबंध कमेटी के संजीव कुमार बैस, अमित सिंह व रवि राजपूत ने उत्साह वर्धन किया।

# ट्रेन की चपेट में आ गया चव्वा

**चांदपुर (चिंगारी)। बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसको उपचार के लिए मेरठ ले जाया गया। ग्राम बागड़पुर निवासी चव्वा (52 वर्ष) पुत्र पूरन सिंह बीती रात बागड़पुर केलनपुर के बीच ट्रेन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह व बबनपुरा पुलिस पर तैनात उपनिरीक्षक बब्लू सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा गम्भीर रूप से घायल चव्वा को उपचार के लिए चांदपुर लाये, जहां से उसे मेरठ ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।**

चिंगारी
खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## कृष्णा कालेज
नूरपुर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
मोबाइल :- 9105108100, 9105308100

## आवश्यकता है

**भागुवाला, नजीबाबाद, रायपुर सादात, धामपुर, स्योहारा, अफजलगढ़, ताजपुर, नौगावां, पीली, बास्टा, किरतपुर, नहटौर, जलीलपुर, चांदपुर आदि से बसों के संचालन हेतु ड्राइवरों की तुरन्त आवश्यकता है।**

**इच्छुक व्यक्ति आवश्यक पत्राजात सहित तुरन्त संपर्क करें।**

# 'प्रेम, शांति और भाईचारे का प्रतीक है सद्भावना मंच'

## बिजनौर में हुई सद्भावना मंच की परिचय बैठक

**किरतपुर (चिंगारी)।** जमीयत उलेमा जिला बिजनौर के जिला कार्यालय, काज़ी पाड़ा, बिजनौर में रविवार को 'भारत संवाद' विषय पर सद्भावना मंच की परिचय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन शरीफ़ के पाठ एवं नात-ए-रसूल से हुआ।



सद्भावना मंच के ऑर्गेनाइज़र मौलाना मोहम्मद कलीमुज़्ज़मां क़ासमी ने मंच का परिचय देते हुए उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा नवगठित जिला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय कराया। जमीयत उलेमा जिला बिजनौर के मुख्य सचिव मुफ़्ती शम्सुद्दीन क़ासमी ने अपने संबोधन में कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने सदैव देश में शांति, भाईचारा, राष्ट्रीय एकता और मानव सेवा के लिए कार्य किया है। सद्भावना मंच भी इसी मिशन को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता एवं उत्तर प्रदेश सद्भावना मंच के संयोजक मौलाना मोहम्मद मूसा (मुज़फ़्फ़रनगर) ने मंच की गतिविधियों, उद्देश्यों और संगठनात्मक कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सचिव मौलाना मोहम्मद तैय्यब क़ासमी सैढ़वी ने सुझाव दिया कि सद्भावना मंच के उद्देश्यों को सरल हिंदी भाषा में भी तैयार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग उससे जुड़ सकें। मुख्य अतिथि, पूर्व सांसद श्री यशवीर सिंह धोबी ने कहा कि सद्भावना मंच प्रेम, भाईचारा, नशा मुक्ति, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और मानव सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने मंच के कार्यों की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। सर्वश्री राजकुमार उर्फ़ राजू (सहानपुर), गुलशन कुमार (बिजनौर), विजेंद्र कुमार (बिजनौर), वेद सोलंकी (बिजनौर), आदेश कुमार (बिजनौर), साहिल मेहरा एवं उदित राज शर्मा (किरतपुर), मौलाना शहाबुद्दीन मज़ाहिरी (स्योहारा) तथा शहज़ाद साहब, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, झालू ने सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, शिक्षा जागरूकता, नशामुक्ति अभियान और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए सद्भावना मंच को और अधिक मज़बूत एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता मुफ़्ती ओवैस अकरम, अध्यक्ष जमीयत उलेमा जिला बिजनौर ने की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को ईमानदारी, एकता और सेवा भाव के साथ समाज में कार्य करने की प्रेरणा दी। अंत में हज़रत मौलाना शाह शफ़ीक़ अहमद क़ासमी (अफ़ज़लगढ़), सदस्य मजलिस-ए-आमिला, की दुआ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# केदारनाथ यात्रा की रफ्तार धीमी पड़ते ही गौरीकुंड की सफाई व्यवस्था हुई बेपटरी

## नालियां कूड़े से जाम, पैदल मार्ग पर घोड़े की लीद से बढ़ी परेशानी



**देहरादून/रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम यात्रा की रफ्तार धीमी पड़ने के साथ ही यात्रा के प्रमुख पड़ाव गौरीकुंड की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। यात्रा सीजन के दौरान जहां प्रतिदिन सफाई और स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा था, वहीं अब यात्रियों की संख्या घटते ही व्यवस्थाएं भी ढीली पड़ती दिखाई दे रही हैं। बाजार क्षेत्र की कई नालियां कूड़े-कचरे से जाम हो चुकी हैं, जबकि पैदल मार्ग, अस्पताल रोड और पुलिस चौकी मार्ग पर घोड़ों-खच्चरों की लीद फैली होने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के बीच नालियों के जाम होने से बरसाती पानी की निकासी बाधित हो रही है।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब अस्पताल मार्ग एवं चौकी मार्ग पर फैली घोड़ों की लीद बारिश के पानी के साथ मिलकर फिसलन और दुर्गंध का कारण बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे दुर्घटनाओं की आशंका तो बढ़ ही रही है, साथ ही संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है। बरसात के मौसम में यदि समय रहते सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

व्यापार संघ अध्यक्ष रामचंद्र गोस्वामी ने कहा कि केदारनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के साथ ही सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह प्रभावित होने लगी है। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र की नालियां कूड़े से भरी पड़ी हैं, जिससे बरसाती पानी की निकासी बाधित हो रही है और गंदा पानी दुकानों तथा मंदिर परिसर तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

उधर, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि गौरीकुंड की सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा स्वच्छता व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कर नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## ज्ञान सरोज अकादमी का शुभारंभ



कोटद्वार भाबर क्षेत्र के दुर्गापुरी में प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने ज्ञानसरोज अकादमी का किया शुभारंभ।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के दुर्गापुरी में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानसरोज अकादमी का शुभारंभ किया गया। अकादमी का शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने भाबर क्षेत्र में एनडीए, सीडीएस व एसएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के उद्देश्य से खोली गई अकादमी के लिए संस्थापकों की प्रशंसा की। कहा कि भाबर क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, केवल उनका मार्ग दर्शन करने की आवश्यकता है। तत्पश्चात क्षेत्र के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान महापौर शैलेंद्र रावत, सुमन कोटनाला, मयंक कोठारी, गिरिराज सिंह रावत, जयवीर रावत, मुन्ना लाल मिश्रा डॉक्टर सोहन लाल, धर्मेश खंतवाल और गौरव जोशी आदि मौजूद रहे।

## पारस का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झटरी के छात्र पारस बलोधी का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खैरासैंण में कक्षा 9 के लिए हुआ है। इससे पहले पारस कक्षा 6 में मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। विद्यालय प्रधानाध्यापक विवेकानंद ने बताया कि पारस की माता बैजंती बलोधी विद्यालय में भोजन माता के तौर पर कार्यरत हैं। पारस की माता ने अपने बेटे की सफलता का श्रेय उसकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी पारस को बधाई देते हुए इसे सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

## ऋतु भूषण खण्डूडी ने आपदा प्रबंधन व सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली

### विभागीय अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने तहसील सभागार में विभागीय अधिकारियों की आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में मानसून के दौरान संभावित आपदाओं, जलभराव, भूस्खलन, संक्रामक रोगों तथा जनसुविधाओं से जुड़े विषयों पर विभागवार तैयारियों का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान उन्होंने नगर निगम कोटद्वार को डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम हेतु सभी वार्डों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित फॉगिंग करने, नालियों की सफाई सुनिश्चित करने व लोक निर्माण विभाग को सभी प्रमुख एवं संपर्क मार्गों को गड्ढामुक्त रखने तथा वर्षा के दौरान यातायात को निर्बाध बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग को वन क्षेत्रों से लगे शहरी इलाकों में गश्त बढ़ाने तथा विद्युत लाइनों के संपर्क में आने वाले पेड़ों की छंटाई करने तथा विद्युत विभाग को जर्जर विद्युत लाइनों एवं पोलों की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने नगर निगम अधिकारियों के साथ दुर्गापुरी क्षेत्र में नाले का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान नाले के ऊपर लगे स्लैब हटे पाए गए, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने

## पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें : कु. सुरभि

### दुगड्डा में यूथ कांग्रेस की बैठक आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यूथ कांग्रेस जिला कोटद्वार की दुगड्डा स्थित एक होटल के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक का आरंभ यूथ कांग्रेस के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव कु. सुरभि द्विवेदी, जिला प्रभारी आरिफ अहमद एवं सह प्रभारी नितिन रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथियों का फूलमाला एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरभि द्विवेदी ने कहा कि हमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा और विपक्ष की जन विरोधी नीतियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचानी होगी। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से 17 जुलाई को देहरादून में होने वाले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में छात्रों व युवाओं की अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अरविंद नेगी ने कहा कि हमें पार्टी को आगामी चुनावों में विजयी बनाना होगा। वर्तमान में जनता प्रदेश सरकार की नीतियों से तंग आ चुकी है और सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। इसलिए हमें पार्टी व संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष द्वारीखाल शुभम सुयाल, लैंसडौन विधान सभा अध्यक्ष अमित कुमार, दुगड्डा नगर अध्यक्ष पूजा देवी, शिवम भूषण शाह, अंकुश घिल्डियाल, राजा आर्य, कुलदीप पटवाल, जावेद हुसैन और मनदीप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## उत्तराखंड को दोहरा तोहफा : केंद्र से 451.63 करोड़ का विशेष ऋण मंजूर

### सीएम धामी ने भी विकास कार्यों के लिए जारी किए 17 करोड़

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में आधारभूत अवसंरचना और पूंजीगत विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर बड़ा कदम उठाया है। एक ओर जहां केंद्र सरकार ने राज्य को 451.63 करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता मंजूर की है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी स्थानीय स्तर पर नलकूप निर्माण, सीवर लाइन, आपदा राहत और खेल सुविधाओं के लिए 17 करोड़ की अतिरिक्त वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

केंद्र से विशेष सहायता योजना के तहत 451.63 करोड़ की पहली किस्त



उत्तराखंड की बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को गति देने के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) ने 'वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना' के तहत 451.63 करोड़ (45,163 लाख) की पहली किस्त विशेष सहायता (ऋण) के रूप में मंजूर की है।

यह राशि योजना के भाग-1 (अनटाइड) के अंतर्गत राज्य में पहले से स्वीकृत विभिन्न पूंजीगत परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बड़ी वित्तीय मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया। केंद्र से मिले भारी बजट के बीच, मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय समस्याओं के समाधान और विकास के लिए 17 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दी है।

# दून साइंस सिटी बनेगी विज्ञान और नवाचार का राष्ट्रीय केंद्र : सीएम धामी

## यूकॉस्ट परिसर में स्टार्टअप सेंटर के लिए भूमि देने की घोषणा



**देहरादून ( चिंगारी )**। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) में साइंस सिटी परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति परिसंवाद कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देहरादून साइंस सिटी का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में ये साइंस सिटी केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान का अग्रणी केंद्र बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि इस साइंस सिटी में हमारे युवाओं को अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जो उनके सपनों और विचारों को नई उड़ान देने का कार्य करेंगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 'विज्ञान सेतु' परिकल्पना के अंतर्गत सामुदायिक विज्ञान रेडियो 'विज्ञान वाणी' (88.8 मेगाहर्ट्ज), 'विज्ञान दृश्यम' तथा 'विज्ञान धारा' का लोकार्पण करते हुए कहा कि इन प्रयासों से प्रयोगशालाओं के जटिल ज्ञान को उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय प्रदेश में हरेला सप्ताह मनाया जा रहा है। हरेला केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारे दायित्व का 'प्रतीक पर्व' भी है। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरणीय संकट की चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे समय में हरेला पर्व पूरी दुनिया को ये संदेश देता है कि विकास और प्रकृति साथ-साथ चल सकते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज देश के कई राज्य उत्तराखंड को कई क्षेत्रों में बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में देख रहे हैं। सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों का सुरक्षित निकाले का अभियान इसमें शामिल है। जिसे ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में पेश किया गया। इसीलिए सरकार ने अब से हर वर्ष 28 नवंबर को आपदा प्रबंधन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, सचिव नितेश झा, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द सिंह, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले में 19 शिक्षण संस्थानों पर मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार ( चिंगारी )**। अल्पसंख्यक छात्रों के लिए केंद्र सरकार की संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी का नया मामला सामने आया है। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल यानी एनएसपी की जांच में संदिग्ध पाए गए हरिद्वार जिले के 19 स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मामला करोड़ों की छात्रवृति घोटाले से जुड़ा हो सकता है। इसलिए जांच के लिए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने एसआईटी जांच कराने की बात कही है।




मामला वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 की छात्रवृत्ति से जुड़ा है। आरोप है कि संबंधित संस्थानों ने छात्रवृत्ति योजना में वित्तीय अनियमितता कर शासकीय धन का गबन किया है। हरिद्वार की जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इप्सिता रावत की ओर से पहले हरिद्वार के एसएसपी को शिकायत दी गई और उसके बाद सिडकुल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। शिकायत के अनुसार, हरिद्वार जिले में बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यक छात्रों के नाम पर छात्रवृत्ति लेने का आरोप लगा था। उस समय टीम बनाकर मामले की जांच कराई गई। उच्च स्तर पर जांच रिपोर्ट भेजी गई। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (छात्रवृत्ति डिविजन) ने 21 मार्च 2025 को उत्तराखंड शासन को पत्र भेजकर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर वर्ष 2021-22 और 2022-23 में संदिग्ध पाए गए स्कूलों और संस्थानों की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद उत्तराखंड शासन के अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग ने 19 मई 2025 को सभी जिलाधिकारियों को जांच कर दोषी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। निर्देशों के अनुपालन में तत्कालीन जिलाधिकारी हरिद्वार ने 24 मई 2025 को उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जांच समितियां गठित कीं। समितियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जांच कर जून 2025 में रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी। जांच में उप जिलाधिकारी भगवानपुर, उप जिलाधिकारी लक्सर, उप जिलाधिकारी हरिद्वार और उप जिलाधिकारी रुड़की की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने इन्हीं जांच रिपोर्टों के आधार पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला लिया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की तहरीर पर सिडकुल थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसआईटी करेगी मामले की जांच

### इन 19 संस्थानों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गॉड ब्लेस पब्लिक स्कूल, सहदेवपुर। एमजी पब्लिक स्कूल, अहमदपुर ग्रांट। एएसएन इंटर कॉलेज, धीरवाली, ज्वालापुर। सैनी प्राइवेट आईटीआई, औद्योगिक क्षेत्र, बहादराबाद। जय भारती प्राइवेट आईटीआई, पर्दाथा उर्फ धनपुरा। एसबीएन प्राइवेट आईटीआई, टिक्कमपुर। आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, मुस्तफाबाद। विश्व भारती पब्लिक स्कूल, गाडोवाली। मदरसा नूर-ए-हसन, हरिद्वार। जय भारत पीएस, बिन्दुखड़क। हन्नू आईटीआई, भगवानपुर। रेडियंस एकेडमी, नेहन्दपुर सुठारी, लक्सर। रामतीर्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रहमतपुर, रुड़की। रुड़की इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पुहाना। महर्षि दयानंद प्राइवेट आईटीआई, धनौरी। संस्कृति पब्लिक स्कूल, भौरी, रुड़की। फोनिक्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड बिजनेस, कांजेल इमलीखेड़ा, रुड़की। एसडीपीसी गर्ल्स इंटर कॉलेज, रुड़की। ओम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, बढ़ेड़ी राजपूताना, रुड़की।**

# सेवानिवृत वनकर्मियों को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )। सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति से जुड़े सेवानिवृत्त वन कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से उन्हें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में पनियाली स्थित वन विभाग के अतिथि गृह में पूर्व वन कर्मचारियों की आयोजित बैठक में समिति अध्यक्ष आर पी पंत ने कहा कि वन कर्मी अपने सेवा काल में दुर्गम वन क्षेत्रों में विषम भौगोलिक परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देते हैं। इसके बाद भी सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें विशेष सुविधाएं नहीं मिलती। मौके पर सेवानिवृत्त वन कर्मियों को पुलिस और सेना के जवानों की तर्ज पर सुविधाएं प्रदान करने, परिवार सहित वन विश्राम गृहों में निशुल्क ठहरने की सुविधा प्रदान करने, वन विभाग के अधीन पर्यटन स्थलों और राष्ट्रीय उद्यानों में निशुल्क प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने व ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले वन कर्मियों को सैनिकों की भांति सम्मान देने की मांग भी की गई। बैठक में सुरेश मधवाल, नवीन जोशी, धर्मानंद ध्यानी, हरेंद्र सिंह, केसीराम निराला और कुंदन सिंह राणा सहित अन्य सेवानिवृत्त वन कर्मचारी मौजूद रहे।**

# सोमनाथ धाम यात्रा हेतु 37 श्रद्धालु रवाना




## सांसद अजय भट्ट ने हरी झण्डी दिखायी

**नैनीताल ( चिंगारी )**। उत्तराखण्ड सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व विशेष नि:शुल्क ट्रेन यात्रा 2026' के अंतर्गत सोमवार को हल्द्वानी से 37 चयनित श्रद्धालुओं के दल को देहरादून को रवाना किया गया।

हल्द्वानी रोडवेज बस स्टेशन से यात्रा दल को नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यह बहुत ही पवित्र अवसर है और सरकार की बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि हमारे वह लोग जो तीर्थ करना चाहते हैं , किसी कारणवश रुक जाते हैं, नहीं जा पाते हैं, उनके लिए बहुत अच्छी योजना सरकार द्वारा चलाई गई है। इसमें नि:शुल्क में आना एवं जाना, रहना,भोजन, मेडिकल व्यवस्था सहित हर प्रकार की व्यवस्था की है।

इस मौके पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या ने बताया कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी से रवाना हुए श्रद्धालु देहरादून पहुंचेंगे, जहां उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों से आए श्रद्धालुओं का समागम होगा। इसके उपरांत हर्रावाला (देहरादून) से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को गुजरात स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ धाम के लिए रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अपने साथ उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों से पवित्र जल से भरे कलश को भी सोमनाथ धाम ले जाएंगे।


उन्होंने अवगत कराया कि नैनीताल जिले से 14 महिला एवं 23 पुरुष सहित कुल 37 यात्री शामिल हैं। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्यमंत्री दीपक माहरा, मोहन पाठक,सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी मोनिका, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे, खण्ड विकास अधिकारी असगर तनवीर सहित अन्य उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# होर्मुज में जहाजों से वसूलेंगे 20 फीसदी शुल्क- डोनाल्ड ट्रम्प

## होर्मुज पर ट्रंप का नया पैंतरा, कहा- अमेरिका बनेगा संरक्षक

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य का नियंत्रण अपने हाथ में लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए उसे खर्च की भरपाई मिलनी चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव जारी है और ईरान, बहरीन, कुवैत, ओमान



और जॉर्डन समेत खाड़ी देशों पर हमले कर रहा है।

ट्रंप ने एक इंटरव्यू कहा, हम इस जलडमरूमध्य को अपने नियंत्रण में रखेंगे और संभव है कि हम इसका संचालन भी करेंगे। हम इस जलडमरूमध्य के रक्षक बनेंगे। शायद हम इस जलडमरूमध्य के संरक्षक कहलाएंगे। इसके लिए हमें भुगतान मिलना चाहिए। पश्चिम एशिया संघर्ष में होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण अब सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है। यह एक बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया की करीब 20 फीसदी तेल और गैस आपूर्ति होती है। ईरान की ओर से इस मार्ग की नाकेबंदी के बाद तेल और ऊर्जा की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, जिससे दुनियाभर में महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है।


**आवश्यकता है**

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044



**मिर्गी दौरे**
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## राम मंदिर ट्रस्ट ने पहली बार सीईओ की भर्ती निकाली, हिंदू होना जरूरी

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने राम मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर नियुक्ति के लिए योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। ट्रस्ट की ओर से आवेदन संबंधी अधिसूचना जारी कर इसे अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया गया है। आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 18 जुलाई सायं 4 बजे निर्धारित की गई है।



जारी अधिसूचना के अनुसार चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति तीन वर्ष के अनुबंध पर की जाएगी। संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर अनुबंध का नवीनीकरण भी किया जा सकेगा। पदस्थापना का स्थान अयोध्या होगा, जबकि वेतन एवं अन्य सुविधाएं आपसी सहमति से निर्धारित की जाएंगी। ट्रस्ट ने इस पद के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित की है। अभ्यर्थी की आयु 50 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही किसी बड़े सार्वजनिक संगठन, संस्था, विभाग या कंपनी में कम से कम 20 वर्ष का प्रबंधकीय अनुभव अनिवार्य किया गया है। अनुभव सामान्य प्रशासन, वित्त, लेखा, कार्मिक, जनसंपर्क, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, विधि तथा समन्वय जैसे क्षेत्रों में होना चाहिए।


NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, & More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
15+ YEARS OF EXPERIENCE
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन | एडमिशन गाइडेंस | डॉक्यूमेंटेशन सपोर्ट | वीजा प्रोसेसिंग | ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!
SCAN ME!



Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर